इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26






# एलओसी पर जवानों ने धूमधाम से मनाई दीवाली, लक्ष्मी-गणेश की पूजा के साथ दीयों से रौशन हुए बॉर्डर



अखनूर। अपने घरों से मीलों दूर नियंत्रण रेखा की रखवाली कर रहे सेना के जवान और अधिकारी सशस्त्र बलों की पारिवारिक परंपरा के अनुसार रोशनी के त्योहार दीवाली मना रहे हैं। सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की दुश्मन की कोशिशों के खिलाफ उच्च स्तर की सतर्कता और सतर्कता बरतते हुए ये जवान त्यौहार के अवसर पर दीये जलाते हैं और पटाखे फोड़ते हैं। एक अधिकारी ने कहा कि हम अपने घरों से मीलों दूर दीवाली मनाते हैं। सेना हमारे लिए एक और बड़े परिवार की तरह है। हमारी परंपरा के अनुसार, हम अपने साथी जवानों और अधिकारियों के साथ दीवाली मनाते हैं।

### सीमा पर हाई अलर्ट में सैनिक

उन्होंने कहा कि यहां ड्यूटी और उत्सव एक साथ चलते हैं, क्योंकि सीमा पार से किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने के लिए एलओसी पर सैनिक हाई अलर्ट पर रहते हैं। सीमा पर गश्त कर रहे एक अन्य सैनिक ने कहा कि हम सीमा रेखा पर चौबीसों घंटे अलर्ट पर रहते हैं। उत्सव और कर्तव्य एक साथ चलते हैं। हम देश के विभिन्न हिस्सों से आए वर्दीधारी अपने जवानों के साथ उत्सव का आनंद लेते हैं। उत्सव में शामिल एक अन्य सैनिक को निगरानी ग्रिड पर तैनात किया गया था, जो एलओसी पर हर गतिविधि पर आधुनिक गैजेट और उपकरणों से निगरानी कर रहा था, ताकि सतर्कता में कोई चूक न हो।

### एलओसी पर कैसे बनाई जाती है दीवाली

नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक दीवाली के उत्सव को आगे बढ़ाते हुए, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ राज्योत्सव - 4 से 6 नवंबर तक होगा आयोजन, उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे एमपी के सीएम मोहन यादव






रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव समारोह 4 से 6 नवंबर तक मनाया जाएगा। अलंकरण समारोह के दिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे। वहीं शुभारंभ कार्यक्रम में मप्र के सीएम डॉ मोहन यादव भी शामिल होंगे। बता दें कि, 5 नवंबर को सभी जिलों में राज्योत्सव मनाया जाएगा।

दरअसल इस बार 1 नवम्बर को दीपावली होने के कारण 4 से 6 नवंबर तक राज्योत्सव मनाया जाएगा। सीएम विष्णुदेव साय ने बताया कि, नवा रायपुर में 4 से 6 नवंबर तक राज्योत्सव होगा। सीएम साय ने आगे कहा कि, अलंकरण समारोह में शामिल होने के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आएंगे। इसके अलावा राज्योत्सव के शुभारंभ में मप्र के ष्टरू मोहन यादव शामिल होंगे।

### सिम्स भवन बनकर तैयार है- सीएम साय

स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में मिली सौगात को लेकर सीएम साय ने कहा कि, बिलासपुर में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भवन बनकर तैयार है। योग और नेचुरोपैथी का सेंटर है, इसका शुभारंभ और लोकार्पण प्रधानमंत्री वर्चुअली करेंगे। इस दौरान सीएम साय ने प्रदेशवासियों को धनतेरस की शुभकामनाएं भी दी है। इसके अलावा सीएम ने दीपावली, अन्नकूट और छठ महापर्व की भी अग्रिम में बधाई दी।







# शराब घोटाले मामले में ईडी ने बड़ी बड़ी कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ और झारखंड में कारोबारियों के घर छापेमारी की है

रायपुर। छत्तीसगढ़ में ईडी ने शराब घोटाला मामले में छपेमारी की है। रायपुर में बार कारोबारी राठैर के सूर्या अपार्टमेंट और कटोरा तालाब में एक ठिकाने में ईडी की जांच चल रही है।

ईडी ने झारखंड के पूर्व उत्पाद (आबकारी) सचिव ढ्ढस् विनय चौबे और संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह से जुड़े करीबियों के घर दबिश दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ईडी ने झारखंड शराब घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने रेड की कार्रवाई की है। मामले में ढ्ढस् विनय चौबे और संयुक्त सचिव गजेन्द्र सिंह के करीबियों के घर रायपुर और रांची में दबिश दी है।

वहीं ईडी की राडार में छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग के पूर्व अधिकारी की भी होने की खबर है। इसके अलावा झारखंड में शराब कारोबार से जुड़ी अलग अलग कंपनियों और उनके संचालकों के यहां ईडी ने छापा मारा है।

### मिनार बार के मालिक के घर चल रही जांच

मिनार बार के मालिक अनिल राठौर के अशोका रतन स्थित घर, मिनार बार और सूर्या अपार्टमेंट में छापेमारी जारी है। झारखंड और छत्तीसगढ़ प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) के आधा दर्जन अफसर जांच में जुटे हैं।









# धनतेरस पर हर सेक्टर रहा गुलजार, बाजार में खूब हुई धन की वर्षा

## बाजार में मुहुर्त पर खरीदी के लिए रहा लोगों का रेला, दोपहर बाद रहे खरीदी के मुहूर्त



राजनांदगांव (दावा)। पंच दिवसात्मक पर्व दीपावली की शुरुआत मंगलवार को धनतेरस पर्व के साथ हुई। धनतेरस पर्व को लेकर वैसे ही लोगों में खासा उत्साह था। जिसके चलते शहर का हर सेक्टर गुलजार बना रहा। बता दें कि धनतेरस के पूर्व ही नौकरी पेशा लोगों सहित किसानों व महतारी वंदन वाली महिलाओं के हाथों में पैसे आने से जमकर खरीदी की गई इससे बाजार बूम रहा और खूब धन वर्षा हुई। बताते चलें कि दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजा के पहले कार्तिक मास् के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसे पुष्य नक्षत्र के बाद खरीददारी का सबसे बड़ा शुभ दिन व मुहुर्तो वाला कहा जाता है।

29 अक्टूबर मंगलवार धनतेरस के दिन सुबह से कार्तिक मास् के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि रही। 12 बजे के बाद त्रयोदशी तिथि लगी। इसके बाद ही धनतेरस पर शुभ खरीदी का मुहूर्त प्रारंभ हुआ। वैसे शहर के बाजार में सुबह से ही ग्राहकों कुछ भीड़ रही। लेकिन मुहुर्त में खरीदी के लिए दोपहर बाद जोर पकड़ा। इससे बाजार का हर सेक्टर गुलजार रहा।

### बाजार में धन वर्षा

धनतेरस की खरीदी से टेक्सटाइल आटोमोबाइल, ज्वेलरी, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान से लेकर रियल स्टेट के कारोबार में बूम रही। लोगो ने अपनी हैसियत और आय के अनुसार अपने घर- परिवार के लिए शुभ और धनतेरस की यादगारी के लिए खास तौर से सोने- चांदी के आभूषण, मां लक्ष्मी गणेश के सिक्के, चांदी की मुर्तियां, पीतल कांसे के बर्तन, स्टील के रसोई आइटम, इलेक्ट्रॉनिक आइटमों में एल ई डी, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, कम्प्यूटर, टेबलेट, मोबाइल आदि की खरीदी की। इसी तरह महिलाओं के सौंदर्य प्रसाधन की चीजें से लेकर कपड़े की दुकानों में भी नए-नए वस्त्र परिधानों की जमकर खरीदारी हुई। इसके अलावा पूजा सामग्री की दुकानों में पूजन सामग्री, लक्ष्मी गणेश सरस्वती की फोटो व मुर्तियों सहित कलश, स्वास्तिक श्री यंत्र, शुभ लाभ आदि की अच्छी- खासी बिक्री हुई।

### इलेक्ट्रॉनिक व आटोमोबाइल सेक्टर रहा गुलजार

इधर पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की मंगल वार धनतेरस से आगाज? होने पर लोग अपनी खुशियां व्यक्त करने जमकर फटाके भी खरीदे। बच्चे अपने माता-पिता के साथ म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगे फटाका दुकानों में जाकर अपने मनपसन्द के फुलझड़ी राकेट, अनारदाने, चुटचुटिया फटाके, तमंचे आदि फटाको की खरीददारी की वहीं युवाओं के साथ- साथ बड़े-बुजुर्गो ने भी बम फटाके से लेकर अन्य व्हेराइटी वाले पटाखे जमकर खरीदे। इस बार पटाखों के नए आइटम में कोरोना बम रावण बम ड्रोन बम की खासी मांग बनी रही। इससे फटाका बाजार भी गुलजार रहा।

खास कर इस बार इलेक्ट्रॉनिक आइटमों वाले दुकानों में ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। वहीं आटोमोबाइल के दुकानों में नई गाडियां खरीदने के लिए लोगों में उत्साह देखा गया। कई लोगों ने तो भीड़ को देखते हुए पहले से ही धनतेरस की शुभ खरीदी के लिए एडवांस बुकिंग करवा रखे थे। बता दें कि धनतेरस के दिन खरीदी की गई चीजों की दीपावली के दिन पूजा की जाएगी। कुल मिलाकर देखा जाए तो मंगलवार को मनाए गए धनतेरस पर्व पर सभी ओर मंगल ही मंगल रहा। बाजार में जमकर धन बरसने व शूभ खरीदी से मंगलमयता बनी रही। इससे व्यापारियों के चेहरे में चमक देखी गई।

# कलेक्टर ने संवेदनशीलता पूर्वक जनदर्शन में जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याएं एवं शिकायतें संवेदनशीलता पूर्वक सुनी।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

**कलेक्टर ने जनसामान्य की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश**

जनदर्शन में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंगपुर के किसान महेन्द्र कुमार मंडावी ने बारी बारिश एवं आंधी के कारण धान की फसल नष्ट होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से लाभ दिलाने के लिए आवेदन किया। वहीं ग्राम परमालकसा के किसान रविलाल साहू ने अपनी कृषि भूमि का पुनः गिरदावरी कराने के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में राशन कार्ड से नाम विलोपित करने, प्राकृतिक आपदा के कारण धान फसल एवं मकान क्षति होने पर मुआवजा राशि दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नया राशन कार्ड बनवाने, अमृत मिशन से नल कनेक्शन जैसे विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## कलेक्टर ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई



राजनांदगांव (दावा)। भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। सभी ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इसके साथ ही जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून का पालन करने की सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## ऋषि देव चौधरी उत्तर मंडल के महामंत्री ने डॉ. रमन सिंह के रेफलर से 500 से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा उत्तर मंडल के महामंत्री ऋषि देव चौधरी ने डॉ. रमन सिंह के रेफलर से 500 से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए 400 से ऊपर सदस्य राजनांदगांव विधानसभा के ग्राम सुरगी एवं चिचोला के राइस मिल के कर्मचारियों को भाजपा का सदस्य बनाया है। ज्ञात हो कि भाजपा के सदस्य बनने के लिए लोग सहर्ष तैयार हैं बशर्ते सदस्य बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को लोगों से संपर्क करने की आवश्यकता है। डॉ.रमन की लोकप्रियता एवं स्वीकार्यता बहुत अधिक होने के कारण सदस्य बनाने में आसानी हो रही है। छत्तीसगढ़ में 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है जिसमें से 50 लाख से अधिक सदस्य बन चुके हैं 60 लाख का लक्ष्य भी शीघ्र पूर्ण हो जायेगा ऋषि देव चौधरी महामंत्री उत्तर मंडल ने कहा कि लोगों से मिलकर उन्हें सदस्य बनाकर अपार खुशी महसूस कर रहा हूं।

## कलेक्टर ने मिट्टी के दीये विक्रय हेतु आने वाले कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों को असुविधा नहीं होने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये विक्रय हेतु आने वाले कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते है तथा इन्हें बाजारों में विक्रय के लिए लाया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्र में मिट्टी के दिए विक्रय हेतु आने वाले कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों से किसी प्रकार की कर वसूली नहीं करने तथा आमजनों को मिट्टी के दिये उपयोग करने प्रोत्साहित करने कहा है।

# कलेक्टर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने जिले में ब्लैक स्पाट का चिन्हांकन करने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों में सुधारात्मक कार्रवाई कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकता है। उन्होंने जिले में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट की जानकारी और वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने कहा कि जहां भी ब्लैक स्पार्ट चिन्हांकित किए गए है, उनका निरीक्षण लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर लें और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी जब क्षेत्र का दौरा करते हैं, उस समय सड़कों का भी निरीक्षण कर लें और जहां सड़क खराब है, उसका विवरण प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों में यातायात नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के साथ जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही स्वच्छता का पालन करने भी छात्रों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नशे से होने वाले शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक नुकसान के बारे में बताएं और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करें।

इस दौरान अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा ने ब्लैक स्पॉट, विभिन्न दुर्घटनाओं की जानकारी के साथ अब तक की गई विभागीय कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जहां भी वाहन चालक लापरवाही से वाहन चलाते पाए गए हैं, उन पर कार्रवाई कर उनके ड्राईविंग लाईसेंस के निलंबन की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि स्कूलों एवं कालेजों में यातायात के नियमों एवं उनके अनुशासित ढंग से पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, सभी एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पानी के लिए मचा हाहाकार, नए आयुक्त के लिए चुनौती

## ढाबा वार्ड के आक्रोशित नागरिक सड़क पर आए, किया चक्काजाम, लखोली नाका में पानी की किल्लत विद्यमान, परेशान वार्डवासी



राजनांदगांव (दावा)। शहर में बारिश के दिनों से लेकर बारिश खत्म हो जाने के बाद भी कई वार्डो में पानी का संकट विद्यमान है। या यों कहनी चाहिए कि पेयजल किल्लत की समस्या को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। वार्डो में उपजी जल संकट समस्या ने निगम के आयुक्त अभिषेक गुप्ता के लिए समस्या खड़ी कर दी और उन्हे स्थानांतरित होकर अन्यत्र जाना पड़ गया। अब नगर निगम में नए आयुक्त के रुप में कार्य भार संभाले अतुल विश्वकर्मा के लिए यह चुनौती बनी हुई है।

बता दें कि पिछले दिनों मोहारा वार्ड में वार्ड पार्षद श्रीमती सरिता प्रजापति व पार्षद प्रतिनिधि पति अवधेश प्रजापति के नेतृत्व में पेयजल संकट को लेकर वार्ड के लोग गुंडी बाल्टी लेकर सड़क पर आ गए थे। जिसको समर्थन देने के लिए महापौर श्रीमती हेमा देशमुख को जाना पड़ा था। जानने में आ रहा है कि अब भी वहां पेयजल संकट दूर नहीं हुई है। सप्ताह भर पूर्व निगमायुक्त को वहां जाना पड़ा था। वार्ड की महिलाओं ने उन्हें बताया कि अभी भी एक क्षेत्र विशेष के स्थानों के नलों से पानी नहीं आ रहा। इस तरह देखा जाय तो शहर के कई वार्ड पानी की संकट से जूझ रहे हैं। दो- दिन पहले आयुक्त ने जनता कालोनी जाकर पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों से रुबरु हुए थे। उनके सामने लखोली नाका वार्ड नं 29 की पेयजल किल्लत समस्या भी मुंह बनाए खड़ी हुई है। बता दें कि वार्डवासियों द्वारा वार्ड में पेयजल संकट को लेकर निगम का ध्यान कई बार आकर्षित किया गया है। वार्ड पार्षद उत्तरा दामले व पार्षद प्रतिनिधि पति अरुण दामले ने अपने स्तर पर निगम में पेयजल समस्या निदान के लिए हर संभव कोशिश की लेकिन किसी तरह निगम से रिस्पांस न मिलते देख पेयजल किल्लत संकट से जूझ रहे वार्डवासियों द्वारा हस्ताक्षरित पत्र लेकर सीधे कलेक्टर के समक्ष जनदर्शन में पेश कर दिया। वहां से निर्देश आने पर निगमायुक्त ने मुहल्ले के कांक्रीट सड़क को कई जगह से खुदवा कर दिखवा डाला लेकिन कहीं भी फाल्ट नहीं निकल पाया। जबकि जन दर्शन में सौंप गए ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख है कि पूर्व में वार्ड में भागीरथी नल जल योजना के तहत 6 इंच पाइप लाइन बिछाई था। जिसे अमृत मिशन योजना के तहत बदल कर मात्र 4 इंच का कर दिया गया है। जिसके कारण नलों में ठीक तरह से पानी नहीं आ रहा। नलों की धार पतली है। और वार्ड के ज्यादातर नल खुल ही नहीं पाते। इसके कारण लखोली नाका वार्ड में जल संकट बना हुआ है। इसके बाद भी आयुक्त पानी चेक करने के लिए मुहल्ले में दसियों स्थान पर खुदवा कर कांक्रीट सड़क की बखिया उधेड़वा दी है। अंततः फाल्ट निकल नहीं पाया व वार्ड में पेयजल की किल्लत ज्यों की त्यों बनी हुई है।

इसी तरह बीते दिनों पटरी पार के वार्डो में पेयजल संकट विद्यमान होने पर स्वयं महापौर सामने आकर पेयजल समस्या को रातों-रात ठीक करवाई थी। लेकिन उक्त समस्या का हल के लिए अंडर ब्रिज के निर्माण कार्य को बलि देनी पड़ी थी। आज भी अंडर ब्रिज निर्माण में नगर निगम का बड़ा पाइप लाइन सामने आ जाने के कारण अंडर ब्रिज का कार्य रुका पड़ा है। पेयजल किल्लत समस्या बजरंग पुर नवागांव वार्ड में भी बनी हुई है। यहां भी नलों की धार पतली है। नलों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आने के कारण वार्डवासियों को पानी के लिए भटकना पड़ता है।

### ढाबा में पानी के लिए चक्काजाम

बता दें कि शहरी क्षेत्र में लंबे समय से नलों में पानी नहीं आने की शिकायत सामने आ रही है। त्योहारी सीजन में नलों में पानी नहीं आने की समस्या को लेकर नया ढाबा वासियों ने गुंडी बाल्टी लेकर सड़क में आकर चक्काजाम कर नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की।

चक्काजाम की जानकारी मिलते ही निगम के अफसर मौके पर पहुंचे और जल्द ही समस्या दूर करने का आश्वासन देकर बला टाली। प्रदर्शनकारी वार्डवासियों का कहना है कि वार्ड के नलों में लंबे समय से पानी की समस्या है। निगम को कई बार इसकी जानकारी देने के बाद भी समस्या दूर नहीं हुई है। इधर निगम द्वारा सुबह शाम नलों में पानी देने का दावा किया जाता है लेकिन वार्ड में पानी ही नहीं आ रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि पाइप लाइन में कुछ जगहों पर लिंकेज की समस्या होने से नलों में पानी नहीं आ रहा होगा। इसकी जांच करने में निगम गंभीर नहीं है। अंततः पेयजल किल्लत से जूझ रहे नया ढाबा वार्डवासियों को गुंडी बाल्टी लेकर पानी के लिए सड़क पर आनी पड़ी तब दौड़े- दौड़ें निगम के अफसरों को मौके पर आना पड़ा। लेकिन सिर्फ वे आश्वासन देकर चले गए हैं। वार्ड पार्षद बैनाबाई टुरहाटे के सुपुत्र सचिन टुरहाटे ने बताया कि अभी भी सड़क क्षेत्र व बालिका संप्रेक्षण गृह की ओर पानी नहीं आ रहा। समस्या का समुचित रूप से निदान नहीं हो पा रहा है।

### अमृत मिशन के कार्यों में अनियमितता

बता दें कि दो-तीन वर्ष पूर्व शहर में केंद्र सरकार की महत्ती अमृत मिशन योजना के तहत घर-घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए 210 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इसके बाद भी कई क्षेत्रों में अब भी पानी की समस्या बनी हुई है। निगम प्रशासन द्वारा अमृत मिशन के कार्यों में कई तरह की अनियमितता बरती गई है। कई क्षेत्रों में पुराने पाइप लाइनों में ही अमृत का कनेक्शन दें दिया गया है। इससे पुराना पाइप लाइन पानी का प्रेसर सहन नहीं कर पाता और लिंकेज की समस्या सामने आती है। इसके अलावा पाइप लाइन बिछाने के दौरान अप व डाउन का भी ध्यान नहीं रखा गया है इस वजह से उपरी क्षेत्र वाले वार।डॉ में पानी की समस्या बनी हुई है। इसी तरह कई स्थानों पर जहां पहले 6 इंच पाइप डली थी वहां 4 इंच पाइप डाल कर इतिश्री कर ली गई है। इससे पर्याप्त रूप से वार्ड के नलों में पानी नहीं आ रहा। जिससे पेयजल किल्लत की समस्या बनी हुई है। अमृत मिशन योजना के तहत शहर में बिछाई गई पाइप लाइन को नए सिरे से देखनी होगी तब ही वार्डो में उत्पन्न हुई पेयजल समस्या से पार पाया जा सकेगा। बहरहाल अमृत मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने में की गई अनियमितताएं आज पेयजल समस्या के रूप में शहर के लोगों के लिए मुसीबत का कारण बना हुआ है। इस समस्या से निजात पाना नए निगम आयुक्त के लिए निश्चित ही चुनौती साबित होगा। देखना यह है कि शहर के 51 वार्डो में से अधिकांश वार्डो में पेयजल संकट को लेकर उठ रही आवाज का नए निगमायुक्त कैसे समाधान खोज पाते हैं। फिलहाल उसके सामने यह समस्या मुंह बाए खड़ी है।

> दीपावली के कारण लोग ज्यादा पानी खर्च कर रहे हैं। पिछले दिनों बिजली कटौती की समस्या रहने के कारण मोहारा स्थित जल संयंत्र से पानी टंकियां भर नहीं पाई। इससे भी पेयजल किल्लत बनी रही। धीरे से समाधान हो पाएगा।
>
> **- यू.के. रामटेके, कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम (राज.)**

# स्वच्छ दीवाली-शुभ दीवाली के लिये 3 नवम्बर तक निगम का स्वच्छता अभियान

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण के आदेशानुसार निगम सीमाक्षेत्र में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार की थीम पर 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक स्वच्छ दीवाली-शुभ दीवाली अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता से जोड स्वच्छता का संदेश देना है।

अभियान के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन निर्देशानुसार स्वच्छ दीवाली-शुभ दीवाली के लिये 3 नवम्बर तक शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की अवधारणा के साथ दीवाली के सांस्कृतिक महत्व को जागृत करना है। उन्होंन कहा कि स्वच्छता केवल घरों तक ही सीमित न हरे, बल्कि अपने आसपास की सफाई को प्राथमिकता, रियूज, रिड्यूज, रिसाईकल (आर.आर.आर.) को बढ़ावा देने सिंगल यूज प्लास्टिक का दैनिक जीवन में उपयोग न करने, पर्यावरण अनुकुल समाग्री अपनाने, वोकल फार लोकल को बढ़ावा देने, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकुल उत्सव मनाये जाने हेतु स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जाना है, ताकि नागरिक इसे अपनाकर स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता को चरितार्थ कर सकें।

**अभियान का उद्देश्य स्वच्छता घरों तक ही सीमित न रहे, बल्कि आसपास की भी सफाई हो**

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि अभियान को सफल बनाने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है। अभियान के तहत कचरा मुक्त शहर के लक्ष्य की पूर्ति हेतु शहर की स्वच्छता को बनाये रखने और नागरिकों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये दीवाली के पश्चात 24 घण्टे के भीतर विशेष सफाई अभियान चलाना है, जिसके अंतर्गत अधिक आवाजाही वाले स्थलों, पर्यटन स्थलों, झीलो, तालाबो, घाटों आदि में सफाई अभियान चलाना है और अभियान से जनप्रतिनिधियों, युवाओं व नागरिकों की सहभागिता करनी है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि अभियान की सफलता नागरिकों की भागीदारी से ही संभव है। सभी नागरिक हस्त निर्मित उत्पाद और पारंपरिक सजावट की वस्तुए खरीदे और स्थानीय कारीगरों व व्यवसायों को बढ़ावा देवे। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न कर, सजावट, उपहार व खाद पैकेजिंग के लिये पर्यावरण के अनुकुल सामग्री का उपयोग करे। अपने घरों के अनुपयोगी सामान नजदिकी एसएलआरएम सेन्टर के आरआरआर केन्द्र में दान करे, ताकि उसका जरूरतमंदों के द्वारा पुनः उपयोग किया जा सके। उन्होंने विक्रताओं से भी कहा कि अपने स्टाल व दुकान के आसपास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे, डस्टबिन का उपयोग करे। उन्होंने नागरिको से अपील की है कि इस दीवाली अपने घर के अलावा, घर के आसपास साफ सफाई रखे और शासन की स्वच्छ दीवाली-शुभ दीवाली अभियान की मंशानुरूप कार्य कर स्चछता अभियान को सफल बनावे।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
स्त्री 2
सरकटे का आतंक
कलाकार - राजकुमार राव - श्रद्धा कपूर, अक्षय कुमार, वरूण धवन



ता. 1 से भुल भुलैय्या-3
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



# जयस्तंभ चौक के नो-पार्किंग में पार्किंग, हरकत में आई पुलिस

## देर शाम हटाई गई अघोषित पार्किंग स्थल की गाड़ियां

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस प्रशासन द्वारा रविवार 27अक्टूबर से जयस्तंभ में बने अघोषित पार्किंग स्थल को प्रतिबंधित किए जाने की बात कही गई थी। लेकिन यातायात पुलिस के नाक के नीचे दिन भर यह स्थान अघोषित पार्किंग स्थल बना रहा। जब शहर के वरिष्ठ नागरिकों ने यातायात प्रभारी अजय खेस को ध्यान दिलाया गया तब हरकत में आकर शाम के साढ़े पांच-छह बजे अघोषित पार्किंग स्थल में खड़ी गाड़ियों को हटाया जाना शुरू किया गया।

बता दें कि जयस्तंभ चौक के वरिष्ठ नागरिको ने पुलिस प्रशासन द्वारा त्योहारी सीजन में पूजा सामग्री पसरा वाले क्षेत्र में बने अघोषित पार्किंग स्थल को प्रतिबंधित किए जाने का समर्थन करते हुए प्रशासन की इस पहल की सराहना की थी। लेकिन आज सोमवार को जयस्तंभ चौक में नो-पार्किंग बोर्ड लगने के बाद भी फिर से अघोषित पार्किंग स्थल में कतार से गाड़ियां खड़ी कर दी गई। जिससे यातायात जाम की स्थित निर्मित होने लगी थी। इसकी सूचना यातायात प्रभारी को दिए जाने परांत उन्होंने जयस्तंभ चौक में त्रिपदा फोटो के सामने खड़े होकर अपने मातहतों से अघोषित पार्किंग स्थल में खड़ी गाड़ियों हटवाई। इससे वहां का रास्ता साफ- सुथरा व लोगों के लिए सुगम यातायात हेतु उपलब्ध हो सका।



### डिवाइडर की तरह बैठाई जाए पसरा वालों को

जयस्तंभ चौक के एक वरिष्ठ नागरिक ने यातायात प्रभारी को सुझाव दिया कि यदि जयस्तंभ चौक के आसपास बड़ी संख्या में पसरा लगा कर बैठने वाले पूजा सामग्री व सजावटी की वस्तुएं बेचने वाले लोगों के जयस्तम्भ से लेकर कुम्हार पसरा फ्लाई ओवर तक के क्षेत्र तक एक लाइन में बिठा दिया जाए तो उक्त रिक्त भाग का कोई अघोषित पार्किंग स्थल के रुप में उपयोग नहीं कर सकेगा। वहीं वहां पर कतार से बैठने वाले पसरा वाले रोड डिवाइडर का काम दे सकते हैं। देखना यह है कि तत्संबंध में वरिष्ठ नागरिकों के सुझाव पर यातायात विभाग अमल करता है या नहीं। नगरवासी तो चाहते हैं तो पुलिस प्रशासन ने शहर के व्यापारियों के साथ शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने संबंधी लिए गए निर्णय पर अमल करें, नहीं तो उक्त निर्णय सिर्फ़ दिखावा साबित होगा।

### प्रतिबंधित क्षेत्र में मिनी ट्रकों का धड़ल्ले से प्रवेश

हालांकि यातायात व्यवस्थित करने के बहुत से निर्णय पर अमल किया जाना शुरू हो गया है लेकिन तिरंगा चौक से भारत माता चौक की स्थिति सुधरती नजर नहीं आ रही। सुबह साढ़े 11-12 बजे यहां पर धड़ल्ले से चार चक्के वाली मिनी ट्रंक लोड-अनलोड करती खड़ी रहती है। आश्चर्य यह कि जब 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक उक्त क्षेत्र में चार पहिया वाहन प्रतिबंधित है तो गंज लाइन भारत माता चौक क्षेत्र में धड़ल्ले से चारपहिया वाहन मिनी ट्रकें कैसे घुस जा रही है। दीपावली पर्व के मात्र तीन दिनों के लिए बनाई गई उक्त व्यवस्था पर कम से कम सहीं अमल किया जाना चाहिए। पुलिस प्रशासन द्वारा अच्छी व्यवस्था उपलब्ध कराने से संस्कारधानी की जनता सराहना करने से नहीं चूकती। जैसे गणेश विसर्जन के समय की गई शानदार पुलिसिया व्यवस्था की नागरिकों ने सराहना की थी। दीपावली त्यौहार के दो-तीन दिनों उसी तरह पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था हो और बाजार में यातायात संबंधी किसी प्रकार की लोगों को दिक्कते- परेशानी न हो तो शहर के संस्कार प्रिय नागरिक पुलिस प्रशासन को दाद देने से चुकेंगे। उनके द्वारा शहरवासियो को दी गई व्यवस्था की सराहना की जाएगी। प्रशंसा की जाएगी। अखबार के पन्ने सरहना के शब्दों से रंग भी सकते हैं। बहरहाल वर्तमान में दीपावली पर्व की शहर में लगने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्था संतोष जनक नजर आ रही है बशर्ते यातायात जाम के कुछ हिस्से सुधार लिए जाएं।

# असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराएं - कलेक्टर

## राज्योत्सव की तैयारी पूरी करने के दिए निर्देश



## कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 5 नवम्बर को राज्योत्सव का जिले में आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारियों सौंपी गई है। सौंपी गई जिम्मेदारियों के अनुरूप सभी जिला स्तरीय अधिकारी राज्योत्सव के आयोजन अच्छी तरह से संपन्न करने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ले। उन्होंने कहा कि नगरीय एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों में निर्वाचन कार्य कराए जाने है, इसके लिए निर्वाचन नामावली सहित अन्य कार्य किए जा रहे है, इसे समय पर पूरा करें।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खरीफ विपरण वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जानी है। यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके तहत गिरदावरी का सत्यापन मैदानी अमलों द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य को समय पर पूरा कर लें, ताकि धान खरीदी की निर्धारित तिथि से पूर्व सभी तैयारियां कर ली जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 16 नवम्बर को विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम मोहारा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के आयोजन से एक सप्ताह पूर्व विकासखंड स्तर पर शिविरों का आयोजन कर विभिन्न आवेदनों के निराकरण की तैयारी कर ले। साथ ही विकासखंड स्तरीय शिविरों के पहले ग्राम स्तरीय शिविरों का आयोजन कर आमजन की समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस संबंध में उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराएं, ताकि शासन की सभी योजनाओं का समुचित लाभ दिलाया जा सकें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, मितानित, मध्यान्ह भोजन के रसोईया, सभी निर्माण विभागों के दैनिक मजदूरी करने वाले, धान खरीदी करने वाले श्रमिक, आश्रम-छात्रावास में कार्य करने वाले दैनिक श्रमिक के पंजीयन कराएं। इस संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा श्रम विभाग के अधिकारी को समन्वय के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांगों का शत-प्रतिशत पंजीयन कर आवश्यक उपकरण व प्रमाण पत्र प्रदान करने, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शत प्रतिशत तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शासन द्वारा संचालित संपूर्ण योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, सभी एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# इंदिरा नगर नाला की अनदेखी से नाराज पार्षद चंपू ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा नगर वार्ड नं.41 की सबसे बड़ी समस्या नाला है, जहां के रहवासियों को बारिश में अत्यंत संकटो का सामना करना पड़ता है वहीं बरसात का पानी घरों में घुस जाने से सांप बिच्छू समेत अनेक जहरीले जीव-जंतुओं का भय बना रहता है साथ ही महिलाओं - बाल बच्चों एवं बुर्जुगों को अनेक कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। गौरतलब हो कि इंदिरा नगर नाला के समास्याओं के निदान के लिए, दो माह पूर्व जुलाई 2024 के आखिरी 31 तारीख को पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने इंदिरा नगर स्थित नाला चौड़ीकरण गहरीकरण व नाले के उपर प्रभावशाली व्यक्तियों के द्वारा नाले के उपर एवं नाले के आसपास अवैध कब्जा हटाने व नाला निर्माण में हुये बड़े स्तर पर हुये भ्रष्टाचार की जांच की मांग करते हुए फ्लाईओवर के नीचे बरसते पानी के बीच वार्डवासियों की मौजूदगी आमरण अनशन शुरू किया गया था। जिसके तारतम्य में आयुक्त नगर पालिक निगम द्वारा 31 जुलाई दिन आमरण अनशन स्थल पर लिखित में पत्र सौंपा गया था कि उक्त मांगो को हर हाल में बारिश खत्म होने के पश्चात सप्ताह भर के भीतर पूर्ण कर दी जायेगी और इस पत्र का निगम के संदेशवाहक कर्मी द्वारा स्थल पर ही माईक से वाचन किया गया। उक्त शासकीय पत्र के पठन के पश्चात वार्ड के लोगों से रजामंदी के बाद आमरण अनशन को स्थागित कर दी गई थी। राजेश गुप्ता चंपू के अनुसार नगर निगम प्रशासन द्वारा दिए गए समय अवधि बित जाने के बाद मुझसे वार्ड के नागरिक सवाल पुछ रहें हैं, क्या हुआ नाला का करके उन्होंने कहा कि इसी तारतम्य में आज दिनांक को कलेक्टर को मेरे द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है और मैं कलेक्टर साहब का आभार मानता हूं कि उन्होंने इंदिरा नगर के नाले के बारे में विस्तार जानकारी प्राप्त की।



मेरे द्वारा कलेक्टर को बताया गया कि जनप्रिय क्षेत्र के विधायक पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में आसंदी के पद को सुशोभित कर संस्कारधानी राजनांदगांव का प्रदेश में मान बढ़ा रहे डॉ.रमन सिंह ने इंदिरा नगर के जनता के नब्ज को समझते हुए नाला निर्माण कार्य के लिए तीस करोड़ रुपये की धनराशि की मंजूरी दी। निगम प्रशासन ने विधिवत सारी प्रक्रियाएं अपना कर नाला गहरीकरण-चौड़ीकरण के लिए कार्य आदेश जारी किए तो वहीं ठेकेदार शर्मा द्वारा उस नाले निर्माण में कार्य में छड़ का उपयोग ही नहीं किया। पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने कलेक्टर को बताया कि निगम तब के महापौर और वर्तमान महापौर के एवं निगम प्रशासन ने ठेकेदार से मिलीभगत कर क्षेत्रीय विधायक छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह द्वारा दिए गए एक बड़ी राशि का मिल बांटकर खेला कर जनता के सपनों का चकनाचूर कर दिए।

**राजेश ने मांगों को पूर्ण करने जिला प्रशासन को दिया दस दिनों का अल्टीमेटम**

निगम प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों के दबाव में आधा-अधुरा नाले निर्माण कार्य का 93 लाख 78 हजार 400 रुपये भुगतान भी कर दिया गया एवं मेरे द्वारा निगम प्रशासन से जानकारी मांगने पर फाईल गुम होने की बात कही जा रही है जो कि आश्चर्य का विषय है। उन्होंने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा कि अगर दस दिनों के भीतर नाला निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार की जांच, नाला चौड़ीकरण कार्य, नाले के उपर हुए अवैध अतिक्रमण हटाने एवं नाला निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं की जाती है तो मुझे जनहित में वार्डवासियों के साथ एक बार फिर से धरना प्रदर्शन आमरण अनशन शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा मांगो को पूर्ण करने लिखित में आश्वस्त करने के बावजूद आज दिनांक तक इंदिरा नगर नाले को देखने की जहमत नहीं उठाई गई है। मुझे ही नहीं मेरे वार्डवासियों को कलेक्टर साहब से बहुत ही उम्मीद है कि उक्त नाला निर्माण कार्य के लिए पुनः श्रीगणेश करेंगे।

पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने पुनः कहा कि इस मामले का खुलासा एवं आम जनता के साथ सड़क की लड़ाई लड़, धरना प्रदर्शन करने पर राजनीतिक द्वेष वश मुझ पर अनेक आरोप लगाकर उलझाने का काम किया गया ताकि नाले निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार जनता के सामने आने ना पाये। जनहित में पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने कहा कि मेरा एक-एक खून का कतरा इंदिरा नगर के मतदाताओं के लिए समर्पित है। जनता का आशीर्वाद मेरे सर पर है, तथा मुझे ईश्वर के उपर पूर्ण विश्वास है और यही विश्वास एवं भरोसा के बदोलत मैं इंदिरा नगर के हर दुख-सुख में खड़ा रहूंगा, भले ही मुझे मेरे विरोधी जेल भिजवाने के लिए षड़यंत्र रचते रहे सच तो सच रहेगा। जब तक शरीर में प्राण है इंदिरा नगरवासियों एवं क्षेत्र जनता की सेवा जारी रहेगी। राजेश गुप्ता चंपू कलेक्टर को दिए ज्ञापन की प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, सांसद संतोष पांडेय, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरण दास मंहत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा सहित आयुक्त नगर निगम आयुक्त राजनांदगांव को भी दी गई है। राजेश गुप्ता चंपू ने बताया कि अगर किसी भी प्रकार की कार्यवाई नाले को लेकर नहीं की जाती है तो इस मामले को लेकर न्यायालय भी जाना पड़ा तो जनहित में जाया जायेगा।

# बच्चों के बौद्धिक स्तर एवं ज्ञान को सही दिशा देने तथा उनके भविष्य को तराशने में शिक्षकों की महती जिम्मेदारी - कलेक्टर

**० कलेक्टर ने अंगना में शिक्षा एवं स्मार्ट माता के अंतर्गत जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने पर दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में शिक्षा की गुणवत्ता, बुनियादी साक्षरता तथा अन्य गतिविधियों के संबंध में बैठक ली। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि राजनांदगांव जिले में जनमानस में सामाजिक सरोकार की भावना है। यहां विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थी चाहे वह खेल हो, शिक्षा, न्यायिक सेवा, प्रशासनिक सेवा, पुलिस अधिकारी, साहित्य एवं अन्य क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों की सीखने की क्षमता में वृद्धि हुई है। उनके बौद्धिक स्तर एवं ज्ञान को सही दिशा देने तथा उनके भविष्य को तराशने में आपकी महती जिम्मेदारी है। बच्चों की पढ़ाई के लिए एक अच्छा माहौल होना चाहिए। जब अभिभावक आप पर भरोसा करते हैं, तो ऐसे में आपकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों में जिज्ञासा होनी चाहिए और उन्हें अधिक से अधिक प्रश्न करने के लिए प्रेरित करें। एक बार जब बच्चे सीखना एवं पढना समझने लगते है, तो अन्य बच्चों पर ध्यान दे सकते हैं। उन्हें आस-पास के परिवेश एवं स्थानीय ज्ञान से परिचित कराएं तथा खेल-खेल में पढने की आदत का विकास करें। बच्चा सबसे पहले अपने घर में सीखता है। विशेष कर घर से संस्कार एवं स्कूल में अनुशासन सीखता है। बच्चों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पंक्तियों को स्मरण करते हुए कहा कि सपने वो नहीं, जो आप सोते वक्त देखते हैं, सपने वो होते है जो आपको सोने नहीं देते। विद्यार्थियों के जीवन को संवारने के इस महती कार्य से जब वे कुछ बन जाएंगे, तो वे आपको आजीवन याद करेंगे। कलेक्टर ने अंगना में शिक्षा एवं स्मार्ट माता के अंतर्गत जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के लिए सकारात्मक ऊर्जा होनी चाहिए। वे अच्छी बातों को ग्रहण करें यह उनके दिल एवं दिमाग में रोपित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक एक पीढ़ी को परिवर्तन करने की मुहिम से जुड़े हुए हैं, इस दृष्टिकोण से आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। हमारा देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सभी क्षेत्रों में विकास की पथ की ओर अग्रसर है। हमें बच्चों की गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर ध्यान देते हुए उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता, बच्चों के सीखने का बुनियादी स्तर, पढने के स्तर में सुधार, गणित के स्तर में सुधार, समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित योजनाएं, अंगना म शिक्षा, कबाड़ से जुगाड़, मुस्कान पुस्तकालय, शाला प्रबंध समितियों का गठन एवं प्रशिक्षण, घरेलू भाषा में शिक्षा, संपर्क डिवाइन के माध्यम से पढ़ाई सहित विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा अंतर्गत बैग लैस डे में बच्चों ने स्वच्छता के लिए बहुत अच्छा कार्य किया है। आगे भी किशोरी बालिकाओं में एनिमिया की रोकथाम के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में माताएं खुद ही अपने बच्चों को पढ़ा रही हैं। किसान एवं मजदूर अपने व्यावहारिक ज्ञान अपने बच्चों को बताएं। साथ ही स्कूलों में आज के दिन का विचार लिखा जाना चाहिए तथा मूल्यों पर आधारित सभा का आयोजन होना चाहिए। इसके क्रियान्वयन के अच्छे प्रभाव होंगे। बच्चों को खेल-खेल में सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत माताओं को जागरूक करने तथा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार व अन्य विभागीय गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

# महाविद्यालय में पालक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के पालक शिक्षक संघ एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन 26 अक्टूबर को संपन्न किया गया। इस बैठक का प्रारंभ प्राचार्य डॉ रचना पाण्डेय द्वारा, महाविद्यालय उपस्थित, पालकों का स्वागत उद्बोधन किया गया।



पालक शिक्षक संघ एवं आईक्यूएसी प्रभारी सुश्री आभा प्रजापति ने इस बैठक का संचालन करते हुए बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन, एनईपी 2020, विद्यार्थियो का संपूर्ण विकास और महाविद्यालय में होने वाले नैक के बारे में चर्चा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी क्योंकि यह नीति विद्यार्थियों के बौद्धिक के साथ-साथ कौशल विकास में भी सहायक होगा। महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि इस सत्र में विद्यार्थियों को बहुत कुछ नया सीखना को मिलेगा जो उनके मानसिक, सामाजिक, नैतिक विकास के साथ उसके संपूर्ण विकास में भी सहायक होगा।

प्राचार्य ने महाविद्यालय में होने वाले आगामी नेक मूल्यांकन की चर्चा करते हुए कहा कि महाविद्यालय में पालकों की सक्रिय भागीदारी से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और छात्रों का भविष्य उज्जवल बनाया जा सकता है। शिक्षा विभागाध्यक्ष श्रीमति प्रीति इंदौरकर ने कहा कि यह नीति विद्यार्थियों के कौशल विकास और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करता है। यूजी विभाग के सहायक प्राध्यापक धनंजय साहू ने विद्यार्थियों के लिए आंतरिक मूल्यांक परीक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस बार सेमेस्टर परीक्षा देना होगा जिसमें पास होने के लिए 40 अंक अर्जित करने होंगे और आंतरिक परीक्षा दो बार आयोजित की जाएगी। उन्होंने पालकों के साथ एनईपी 2020 के मुख्य बिंदु को साझा किया।

महाविद्यालय के संचालक डॉ. मनीष जैन, आशीष अग्रवाल और संजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से पालकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारत के युवाओं को इक्कीसवीं सदी में चुनौतियों का सामना करने में सहायक होगा। बैठक में उपस्थित सभी पालकों ने महाविद्यालय में सुधार हेतु अपने अपने मत रखे और आगामी नेक मूल्यांकन के लिए सुझाव भी दिया गया। इस बैठक के दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

# पुलिस ने जुआड़ियान को स्ट्रीट लाईट के रोशनी में जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा

डोंगरगढ़ (दावा)। मुखबीर से प्राप्त जानकारी पर मोहारा पुलिस द्वारा कुछ जुआड़ियान को ग्राम परसाही के गौठान मे स्ट्रीट लाईट के रोशनी में रूपये पैसे का दाव लगाकर ताशपत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा। रेड कार्यवाही के दौरान कुछ जुआड़ियांन पुलिस को देखकर भाग गये। मौके पर चार जुआड़ियांन रंगे हाथ जुआ खेलते पकड़े गये। जिसे पता पूंछने पर अपना-अपना नाम जीवराखन विश्वकर्मा पिता स्व नोहरूराम उम्र 38 साल राजाराम साहू पिता रामदयाल साहू उम्र 43 साल विश्राम साहू पिता झूमुक साहू उम्र 30 साल सभी निवासी ग्राम परसाही पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ का रहने वाला बताये। जो ग्राम परसाही के गौठान मे स्ट्रीट लाईट के रोशनी में आम जगह में जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये। जुआड़ीयो के फड से कुल जुमला 1400 रू. के साथ 52 पत्ती ताश व अन्य सामग्री जप्त की गई। आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ अधिनियम, छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि के धारा 03 का अपराध घटित करना पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार किया गया, मामला जमानतीय होने तथा सक्षम जमानतदार पेश होने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

# गायत्री मंदिर में अन्नकूट कार्यक्रम 2 को

डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री मंदिर में प्रतिवर्ष महालक्ष्मी पूजन दीपावली पर्व के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के दिन होने वाला अन्नकूट कार्यक्रम इस वर्ष 2 नवंबर शनिवार को होगा। कई वर्षों से मंदिर में आयोजित अन्नकूट कार्यक्रम नगरवासियों के सहयोग से होता आ रहा है। इस दिन विशाल भंडारा तथा दीपावली मिलन का कार्यक्रम होता है, जिसमें नगरवासी सहित बड़ी संख्या में आसपास के परिजन तथा जनप्रतिनिधि शामिल होते हैं।

**मतदाना सूची पुनरीक्षण 2025**

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अभियान शुरू

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 कार्यक्रम का संचालन मतदान केन्द्र में अविहित द्वारा 29 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम के तहत सभी पात्र मतदाताओं का नाम व्यापक रूप से जोडने एवं डुप्लीकेट मतदाताओं का नाम हटाने का कार्य किए जा रहा है।

विधानसभा फोटो युक्त निर्वाचक नामावली का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारी प्रारंभ की दी गई है। मतदान केन्द्रों के अविहित अधिकारी एवं बीएलओ द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। विधानसभा स्तर पर होने वाले निर्वाचक नामावली का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 1 जनवरी 2025 के तहत प्रारूप 5 में सामान्य निर्वाचन के तहत प्रारंभिक सूची का प्रकाशन प्रत्येक मतदान केन्द्रों में किया जाएगा। सभी मतदान केंदों में अविहित अधिकारियों द्वारा दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। विशेष अभियान शिविर 9 नवम्बर, 10 नवम्बर, 16 नवम्बर एवं 17 नवंबर को निर्धारित किया गया है। प्रक्रिया के बाद 6 जनवरी 2025 को विधानसभा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवक-युवती पंजीकरण हेतु पात्र होंगे। नये मतदाताओं का पंजीकरण एवं मतदाता सूची में संशोधन व विलोपन संबंधित कार्य हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र में अविहित अधिकारी बीएलओ बूथ लेबल अधिकारियों की सेवाएं ली जा रही है। बीएलओ अपने मूल दायित्वों के साथ-साथ आयोग के इस महत्वपूर्ण कार्य को संपादित करेंगे। इसके अतिरिक्त निर्वाचन आयोग की वेबसाइट www.voters.eci.gov.in पर लॉग इन कर निर्वाचन संबंधी अन्य सूचनाएं व अपडेट्स भी प्राप्त कर सकते है। मोबाइल एप वोटर हेल्पलाईन के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा के अतिरिक्त अन्य सेवाएं उपलब्ध है। सुविधानुसार निकटतम लोक सेवा केन्द्र में भी आवेदन कर सकते हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने निवास क्षेत्र के मतदान केन्द्र में अविहित अथवा बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन करने एवं विलोपित हेतु आवेदन दे सकते हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के कार्यक्रम अनुसार शनिवार 9 नवम्बर, रविवार 10 नवम्बर, शनिवार 16 नवम्बर एवं रविवार 17 नवम्बर 2024 को विशेष शिविर के माध्यम से मतदान केन्द्रों में अभियान चलाया जाएगा।

विशेष अभियान पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम का लक्ष्यित समूह एवं आम नागरिकों में प्रचार-प्रसार हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्वीप आयोजन के तहत मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम विभिन्न स्तर पर किये जाएंगे। विभागीय गतिविधियों एवं आयोजन में पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम का प्रचार सभी विभाग के समन्वय व साझेदारी से संपन्न होंगे। स्वीप कार्ययोजना के अनुसार युवा एवं नवीन पात्र मतदाताओं हेतु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी द्वारा कार्यक्रम संचालित कर मतदाताओं के बीच पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रचार किया जाएगा। आयोग की संकल्पना कोई मतदाता न छूटे को लक्ष्य लेकर दिव्यांग मतदाताओं के पंजीकरण हेतु विषेष शिविरों के आयोजन समाज कल्याण विभाग के सहयोग से मतदान केन्द्र एवं सुविधाजनक स्थलों पर किया जाएगा। महिला मतदाताओं में प्रचार हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग, आजीविका मिशन, कौशल विकास मिशन सहित सभी विभागों के समन्वय से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

निर्वाचन आयोग द्वारा सेवा मतदाता के रूप में अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की पात्रता रखने वाले सेना, सीआरपीएफ, आईटीबीपी एवं अन्य सुरक्षा सेवाएं दे रहे सुरक्षा जवानों के पंजीकरण एवं अन्य निर्वाचन से संबंधित सुविधा हेतु ऑनलाइन सेवा पोर्टल svp.eci.gov.in के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 अनुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया गया। दावा आपत्ति प्राप्त करते की तिथि 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक है। विशेष शिविर का आयोजन शनिवार 9 नवम्बर, रविवार 10 नवम्बर, शनिवार 16 नवम्बर एवं रविवार 17 नवम्बर 2024 को किया जाएगा। दावा आपत्ति निराकरण की तिथि 24 दिसम्बर 2024 है। आयोग के मापदंड अनुसार अंतिम प्रकाशन हेतु जांब अद्यतन डेटाबेस एवं पूरक सूची की छपाई 1 जनवरी 2025 को होगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

# अनमोल दावा

> इंसान तभी पत्थर बनता है जब उसकी सहनशक्ति खत्म हो जाती है तब वह केवल अपने बारे में ही सोचता है।

## विनिर्माण बढ़ाएंगे औद्योगिक शहर, 28602 करोड़ रुपये का होगा निवेश

2014 में निवेश और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई मेक इन इंडिया पहल के सकारात्मक परिणाम आने लगे हैं। इससे मोबाइल से लेकर मिसाइल तक भारत आत्मनिर्भर बना और इन क्षेत्रों में देश का निर्यात तेजी से बढ़ा। उदाहरण के लिए जहां 2014 में मात्र दो मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थीं वहीं आज इनकी संख्या 200 से अधिक हो गई है।

मोदी सरकार ने 12 नए औद्योगिक शहर विकसित करने की जो घोषणा की थी, उसके अमल की दिशा में कदम उठाने शुरू कर दिए गए हैं। 12 नए औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआइसीडीपी) के तहत 28,602 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इन औद्योगिक शहरों को 10 राज्यों में फैले 6 प्रमुख औद्योगिक गलियारों के किनारे विकसित किया जाएगा। ये औद्योगिक क्षेत्र हैं उत्तराखंड में खुरपिया, पंजाब में राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र में दिघी, केरल में पलक्कड़, उत्तर प्रदेश में आगरा और प्रयागराज, बिहार में गया, तेलंगाना में जहीराबाद, आंध्र में ओरवाकल तथा कोप्पर्थी और राजस्थान में जोधपुर-पाली। इन औद्योगिक शहरों से न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को गति भी मिलेगी। इससे भारत वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत कर सकेगा। इन औद्योगिक शहरों को वैश्विक मानकों के ग्रीन फील्ड स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप मल्टीमाडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचा विकसित होगा, जो लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करेगा।

इन औद्योगिक शहरों को पूरे क्षेत्र के परिवर्तन के लिए विकास केंद्र बनाने की परिकल्पना की गई है। इन औद्योगिक शहरों में 10 लाख प्रत्यक्ष और 30 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसमें पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए आईसीटी-सक्षम उपयोगिताओं और हरित प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया है। इनके जरिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य है। राज्यों का योगदान जमीन के रूप में होगा और केंद्र सरकार इक्विटी या डेट उपलब्ध कराएगी। कुछ औद्योगिक टाउनशिप अन्य देशों के साथ मिलकर विकसित की जाएंगी। इन औद्योगिक पार्कों में वह जमीन शामिल होगी, जो सरकार द्वारा पहले ही अधिग्रहित है और जिसके लिए पर्यावरणीय मंजूरी मिल चुकी है। दूसरे, एकल खिड़की मंजूरी के लिए स्पेशल परपज व्हीकल बनाने का प्रस्ताव भी है। तीसरे, पार्कों को समर्पित माल ढुलाई गलियारे से लगे क्षेत्रों से जोड़ा जाएगा, जिससे लाजिस्टिक लागत में कमी आएगी। इनमें से पांच अमृतसर-कोलकाता मार्ग पर, दो दिल्लीङ्कमुंबई मार्ग पर और पांच दक्षिणी एवं मध्य मार्गों पर स्थित हैं। उल्लेखनीय है कि पहले से ही आठ औद्योगिक स्मार्ट शहर विभिन्न विकासात्मक चरणों में हैं। इनमें से चार शहर धोलेरा (गुजरात), आरिक (महाराष्ट्र), विक्रम उद्योगपुरी (मध्य प्रदेश) और कृष्णपट्टनम (आंध्र प्रदेश) में ट्रंक आधारभूत ढांचा तैयार हो चुका है और उद्योगों के लिए भूमि आवंटन का काम चल रहा है। अन्य चार शहरों में सरकार की स्पेशल परपज यूनिट सड़क, पानी, बिजली आपूर्ति जैसे बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है। इस प्रकार नई घोषणा के साथ देश में कुल 20 औद्योगिक स्मार्ट शहर हो जाएंगे।

घरेलू विनिर्माण में मुख्य बाधा ऊंची उत्पादन लागत है, जिससे हमारे उत्पाद ग्लोबल सप्लाई चेन का हिस्सा नहीं बन पाते। स्पष्ट है विनिर्माण को तभी बढ़ावा मिलेगा, जब प्रक्रियागत सुधार और कारोबारी सुगमता को बेहतर बनाया जाए। यहां सबसे बड़ी समस्या राज्यों की ओर से आती है। भूमि राज्य का विषय है और कई राज्यों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया बहुत जटिल है और श्रम कानून भी कड़े हैं। इससे निवेश और औद्योगिक विकास प्रभावित होता है। अतः केंद्र के साथ-साथ राज्यों को भी रेगुलेटरी फ्रेमवर्क सरल बनाने और निवेश के अनुकूल नीतियां बनानी होंगी। सकारात्मक नीतियां बनें तो अच्छे परिणाम आने में देर नहीं लगती। इसका ज्वलंत उदाहरण है मेक इन इंडिया पहल। 2014 में निवेश और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई मेक इन इंडिया पहल के सकारात्मक परिणाम आने लगे हैं। इससे मोबाइल से लेकर मिसाइल तक भारत आत्मनिर्भर बना और इन क्षेत्रों में देश का निर्यात तेजी से बढ़ा। उदाहरण के लिए जहां 2014 में मात्र दो मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थीं, वहीं आज इनकी संख्या 200 से अधिक हो गई है। 2014 में जहां मात्र 1556 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन निर्यात किए जाते थे, वहीं अब यह निर्यात 1.20 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। अर्थात पिछले 10 वर्षों में देश के मोबाइल निर्यात में 7500 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सिरेमिक और खिलौने जैसे क्षेत्र में आयात पर हमारी निर्भरता खत्म हुई और हम आयातक से निर्यातक बन गए। इस दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 119 प्रतिशत का उछाल आया। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना पीएलआई का परिणाम यह है कि भारत आटोमोटिव, इलेक्ट्रानिक्स, फार्मा जैसे क्षेत्रों का प्रमुख निर्माता बन गया। एप्पल, फाक्सकान जैसी वैश्विक कंपनियां भारत में निर्माण करने लगीं तो चिप निर्माता अमेरिकन कंपनी माइक्रोन भारत में यूनिट लगा रही है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 1.50 लाख करोड़ का निवेश हो रहा है। इससे न सिर्फ हर वर्ष अरबों डालर का सेमीकंडक्टर आयात बंद हो जाएगा, बल्कि भारत सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का प्रमुख केंद्र बनेगा। इन उपलब्धियों के बावजूद सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी अभी भी 15 प्रतिशत से कम है, जिसमें 11 प्रतिशत जनसंख्या लगी हुई है। इस विनिर्माण से विश्व में आपूर्ति की जाने वाली मात्र दो प्रतिशत वस्तुओं का ही उत्पादन हो पा रहा है।

# भारत के स्टार्टअप्स के लिए गाँव बन रहे पहली पसंद

**निखिल इनामदार**

भारत की राजधानी से सटे, हरियाणा राज्य के छोटे-छोटे गाँव इन दिनों सुर्खियों में हैं. देश के उत्तर पश्चिम के इन ग्रामीण इलाक़ों के लिए ये सुर्खियां अप्रत्याशित हैं. यहां के औद्योगिक शहर रोहतक की बस्तियों में किसानों के घरों और आसपास की ज़मीनों की माँग अचानक बढ़ गई है. ये एकाएक फ़िल्म के सेट के रूप में बदल गए हैं.जहां कभी गायों के रंभाने की आवाज़ आती थी, वहाँ फ़िल्म के निर्देशक को लाइट्स, कैमरा, एक्शन सुनना अब किसी के लिए असामान्य बात नहीं रही है.एक नए स्टार्टअप स्टेज (एसटीएजीई) ने इस इलाक़े में एक उभरते हुए फ़िल्म उद्योग को जन्म दे दिया है. स्टेज नाम की इस कंपनी संस्थापक विनय सिंघल ने बताया, च्सत्ता और न्याय पर आधारित एक ड्रामा फ़िल्म 'बट्टा' इस इलाक़े में बनी आधा दर्जन फ़िल्मों में सबसे नई है.

उन्होंने बताया, हमारे आने से पहले भारत में क़रीब एक दर्जन हरियाणवी फ़िल्में बनी थीं. साल 2019 के बाद से हमने 200 से ज़्यादा फ़िल्में बना दी हैं.स्टेज क्षेत्रीय इलाक़ों में रहने वाले लोगों की पसंद-नापसंद, ग्रामीण संस्कृति, रहन-सहन, उनके बोलचाल की शैली आदि को ध्यान में रखकर कंटेंट बनाती है.

भारत में 19,500 अलग-अलग बोलियां हैं. उनमें से स्टेज ने 18 भाषाओं और बोलियों का चुनाव किया है. ये वो भाषाएं हैं जो बड़ी आबादी द्वारा बोली जाती हैं और उनके फ़िल्म उद्योग के लिए उपयुक्त हैं.फ़िलहाल यह कंपनी दो भाषाओं में कंटेंट बनाती है, एक है हरियाणवी और दूसरी है राजस्थानी. इसके लगभग 30 लाख सब्सक्राइबर्स हैं, जो पैसे देकर कंटेंट देखते हैं.यही वजह है कि अब कंपनी की योजना उत्तर-पूर्व और तटीय-पश्चिम इलाक़ों में बोली जाने वाली भाषाएं जैसे मैथिली और कोंकणी में भी कंटेंट बनाने की है.कंपनी के संस्थापक विनय सिंघल और सह-संस्थापक एक साल पहले टेलीविज़न पर प्रसारित हुए एक बिज़नेस रियलिटी शो 'शार्क टैंक' के भारतीय वर्ज़न में शामिल हुए थे.इस दौरान उन्होंने बताया था कि, 'इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए एक अमेरिकी पूंजीवादी फर्म से फंडिंग को लेकर जारी हमारी बातचीत अंतिम दौर में है.भारतीय स्टार्टअप्स में स्टेज उनमें से है, जो ग्रामीण बाज़ार पर बड़ा दांव लगा रहा है. इस दौड़ में एग्रोस्टार और दीहाट जैसे स्टार्टअप्स भी शामिल हैं.भारत में 140 करोड़ लोगों की आबादी का बड़ा हिस्सा अभी भी यहां के 6 लाख 50 हज़ार गाँवों में रहता है. मगर, अब तक वे शायद ही स्टार्टअप्स के लिए बाज़ार बन पाए हों.एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत, नई राह बनाने का केंद्र रही है. यहाँ कई दर्जन यूनिकॉर्न्स या एक बिलियन डॉलर से ज़्यादा मूल्य वाली तकनीकी कंपनियों का जन्म हुआ है.लेकिन ये सब शहरी भारतीयों में शीर्ष दस फ़ीसदी लोगों के लिए बनाए गए हैं.यह कहना है आनंद डेनियल का, जो एक्सेल वेंचर्स के भागीदार हैं. इससे पहले वो फ्लिपकार्ट, स्विगी और अर्बन कंपनी जैसे सफल उद्यम में निवेश कर चुके हैं.हालांकि, ऑनलाइन बाज़ार मीशो या कुछ कृषि तकनीक स्टार्टअप अपवाद के तौर पर हैं. मगर, देखा जाए तो, स्टार्टअप्स की दुनिया ने बड़े पैमाने पर गाँवों को अनदेखा किया है.लेकिन, अब समय बदल रहा है. कई संस्थापकों को उनके आइडियाज़ के लिए फंडिंग मिल रही है और वो ग्रामीण उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा कर रहे हैं.सिंघल ने बताया, च्पाँच साल पहले मुझे कोई पैसा नहीं मिला था. मुझे अकेले ही शुरुआत करना पड़ी थी. लेकिन अब मुझे कोई निवेशक बाहर का दरवाज़ा नहीं दिखा सकते हैं.



एक्सेल अब खुद ग्रामीण बाज़ार में रूचि रखने वाले उद्यमियों के लिए निवेश उपलब्ध करवा रहा है. हाल ही में एक्सेल ने घोषणा की है कि वह ग्रामीण स्टार्टअप्स में 10 लाख डॉलर तक का निवेश करेगा.यूनिकॉर्न इंडिया वेंचर्स और एक अन्य वीसी फंड का कहना है कि उनका 50 फ़ीसदी निवेश टियर 2 और टियर 3 शहरों में मौजूद स्टार्टअप्स में है.और इस साल जुलाई में जापान की ऑटो की दिग्गज़ कंपनी सुजुकी ने भारत के ग्रामीण बाज़ार के लिए स्टार्टअप्स बनाने के लिए 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का फंड देने की घोषणा की है.

डेनियल कहते हैं कि बाज़ार में ऐसे बहुत सारे अवसर हैं, जहां अब तक कोई नहीं पहुंचा है. निवेशकों और संस्थापकों को अब इस बात का भी अहसास है कि ग्रामीण का मतलब गरीब नहीं है.एक्सेल्स के आंकड़ों के अनुसार भारत की दो-तिहाई आबादी ग्रामीण या सुदूर इलाक़ों में रहती है. और ये आबादी सालाना 5 ख़रब अमेरिकी डॉलर खर्च करती है.और वास्तविकता यह है कि इस आबादी का शीर्ष 20 फ़ीसदी हिस्सा शहरों में रहने वालों के मुक़ाबले आधे से ज़्यादा पैसा ख़र्च करता है.डेनियल कहते हैं, अगर भारत की जीडीपी अगले दशक में 4 ट्रिलियन डॉलर हो जाती है, तो उसका कम से कम 5 फ़ीसदी डिजिटल रूप से प्रभावित होगा और इसका एक हिस्सा ग्रामीण भारत से आएगा.इसकी वजह ग्रामीण परिवारों के बीच तेज़ी से बढ़ती स्मार्टफ़ोन की पहुँच है. शहरों के बाहर लगभग 45 करोड़ भारतीय स्मार्टफ़ोन का उपयोग करते हैं, जो अमेरिका की आबादी से भी ज़्यादा है.यूपीआई के ज़रिए एक बटन से भुगतान करना उन कंपनियों के लिए एक गेम चेंजर साबित हुआ है, जो महानगरों के बाहर अपना काम करने का सोच रही हैं.डेनियल कहते हैं, आज से 5-7 साल पहले तक इस टार्गेट ग्रुप तक पहुँचना आसान नहीं था. फिर चाहे वो डिजिटली हो या लॉजिस्टिकली या फिर किसी तरह का भुगतान पाने की बात हो. लेकिन, अभी का समय बहुत ज़्यादा अच्छा है. खासकर उन स्टार्टअप्स के लिए जो इस बाज़ार की ओर रुख़ करना चाहते हैं.

प्राइमस वेंचर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक दशक पहले तक मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में ज्यादातर नए प्रयोग हो रहे थे. लेकिन, अब नए उद्यमियों की संख्या छोटे कस्बों से उभरकर सामने आ रही है.इसकी प्रमुख वजहों में संचालन के लिए लगने वाली कम लागत, स्थानीय प्रतिभा की सहज उपलब्धता, और सरकार की वो किशिशें हैं, जिसके तहत ग़ैर-मेट्रो सिटीज़ में उद्यमिता को बढ़ावा देने की बात कही गई है.ऐसे में संस्थापकों को ज़मीन से जुड़े होने के चलते ग़ैर-मेट्रो बाज़ार की क्षमता को बेहतर तरह से सामने लाने में फायदा मिल सकता है.

मगर, भारत के ग्रामीण इलाक़ों के तिलिस्म को तोड़ने की बात करना जितना आसान है, वो करने में उतना आसान नहीं है.क्योंकि, छोटे शहर का उपभोक्ता क़ीमत के प्रति जागरूक है और भौगोलिक रूप से फैला हुआ है. और ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या भी शहरों की तुलना में कम है.फ्रंटियर मार्केट के मुख्य राजस्व अधिकारी गौतम मलिक कहते हैं कि बुनियादी ढांचा भी पिछड़ा हुआ है, ऐसे में वितरण आसान नहीं है. इसलिए काम करने में पैसे ज़्यादा लगते हैं.फ्रंटियर मार्केट एक ग्रामीण ई-कॉमर्स स्टार्टअप है, जो 5 हज़ार से कम आबादी वाले गाँवों में अंतिम मील तक डिलीवरी करता है.मलिक कहते हैं जो लोग शहरी सांचे में ग्रामीण संदर्भ को जबरदस्ती जमाने की कोशिश कर रहे हैं, वो विफल हो जाएंगे.उनकी कंपनी को बहुत जल्द यह बात समझ आ गई थी कि आख़िर पारंपरिक ई-कॉमर्स कंपनियाँ अंतिम छोर तक क्यों नहीं पहुँच पा रही हैं.दरअसल, ग्रामीण उपभोक्ता पैसों के मामले में किसी तीसरे व्यक्ति पर भरोसा नहीं करता है. लेकिन अगर उसमें स्थानीय व्यक्ति शामिल हो तो बात अलग होती है.वह भरोसा कायम करने के लिए गौतम मलिक और उनकी टीम ने गाँव के स्तर पर वहाँ की महिला उद्यमियों को साथ जोड़ा और उनको बिक्री और वितरण के एजेंट का काम सौंपा. वे कहते हैं कि ग्रामीण भारत के तिलिस्म को तोड़ने और इस 200 बिलियन डॉलर के बाज़ार के अवसर को भुनाने के लिए लंबे समय तक गहरी प्रतिबद्धता की ज़रूरत होगी.

# विचार सरिता

## मन में बसे हैं राम - 302 : प्रजा ने कहा, श्री राम आप जहां हैं, वहीं अयोध्या है, वहीं हम हैं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी ने रथ के ऊपर से ही नदी के दर्शन किए और अपने हाथ जोड़कर तथा झुककर प्रणाम किया। श्री राम ने सुमंत जी से कहा, ''आज रात्रि विश्राम यहीं करना उचित होगा सुमंत जी!''

''जो आज्ञा राजकुमार!''

श्री राम ने अयोध्या से उनके साथ चल रहे सभी प्रजाजन से कहा, ''आप लोगों को आज प्रातः से अयोध्या छोड़े हुए लंबा समय व्यतीत हो गया है। आप सबने यहां तक हमारा साथ दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। अब समय आ गया है कि आप सब हमें विदा करें और यहां से अयोध्या के लिए वापस प्रस्थान करें।''

एक व्यक्ति ने कहा, ''हमारा वापस जाना संभव नहीं है राजकुमार! हम इसी संकल्प के साथ अयोध्या से चल पड़े हैं कि जहां राम हैं, वहीं अयोध्या है और वही हमारा राज्य है। अतः 14 वर्षों की अवधि में आप जहां-जहां जाएंगे, वहां - वहां हम आपके साथ रहेंगे।''

सीता जी ने कहा, ''आप सबका प्रेम देखकर हम तीनों अभिभूत हैं। प्रिय अयोध्या नगरी को छोड़ते समय मेरे मन में भी गहरा दुख था लेकिन अब आप लोगों का प्रेम देखकर मैं आश्वस्त हूं कि अयोध्या नगरी को हमने छोड़ा नहीं है, बल्कि वह हमारे साथ-साथ चल रही है और आप लोगों का यही प्रेम गहन वन में भी हमें अयोध्या नगरी की उपस्थिति की अनुभूति कराएगा और वह स्थान जहां हम ठहरेंगे,वही अयोध्या बन जाएगी।''

लक्ष्मण जी ने कहा, ''भैया राम ने, भाभी सीता ने और मैंने आप सबके प्रेम को हृदय से स्वीकार किया है और इसी प्रेम के सहारे हम आगामी 14 वर्षों का समय सुखपूर्वक व्यतीत कर पाएंगे। अब समय आ गया है कि भैया राम को वनवास की शर्तों को पूरा करने के लिए एकाकी छोड़ दिया जाए और आप सब यहां से वापस अयोध्या की ओर प्रस्थान करें।

प्रजाजन में सुगबुगाहट होने लगी।वे श्री राम को कहां अकेला छोड़ने वाले थे?

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



# सामयिक चर्चा

## सपने का सुख

धनतेरस की प्रातः बेला में बानी,
दत्तचित्त अखबार पढ़ रहे थे -
''स्वर्णिम समृद्धि का मार्ग..
सोना खरीदने से पहले
चार बातों का रखें ध्यान।''
गजाधर चुपचाप आकर
उनके पीछे बैठकर
उनकी ध्यानमग्नता देख रहे थे।
बानी के पढ़ने से
ध्यान हटने पर
एकदम सामने आकर
व्यंग्य से हॅंसकर
बोले गजाधर - ''बानी।
तुम भी अजीब हो प्राणी।
आलू, प्याज, धनिया, टमाटर तो
ले नहीं सकते हो
और सोना खरीदने के
बारे में बड़े ध्यान से पढ़ते हो?
अरे! सोने को छोड़ो
आलू प्याज टमाटर धनिया
के बारे में सोचों।
सोने से तुम्हारा क्या नाता है?
बानी ने कहा,
भाई गजाधर! देखो-
टमाटर, आलू-प्याज तो परेशान
करते हैं,
पर सोने के बारे में पढ़ने से,
मन बहल जाता है।''




-गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -222

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 221 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू- दोकू क्र.222

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.221 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज अपने व्यक्तित्व और स्वभाव में लाया गया परिवर्तन बेहतरीन रहेगा। सामाजिक और पारिवारिक लोगों की तरफ से विशेष मान-सम्मान भी मिलेगा। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से किसी खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श भी होगा।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से ज्यादा घुलना-मिलना आपके लिए अच्छा नहीं है। आज अपनी कोई भी खास बात किसी से भी शेयर ना करें। कभी-कभी बहुत ज्यादा आत्म केंद्रित होना और ईगो की भावना रखने से आपसी रिश्तों में कुछ अनबन हो सकती है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी रुके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है। किसी भी योजना को क्रियान्वित करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह भी जरूर ले।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्यप्रणाली में किसी भी तरह की बेहतरी की उम्मीद ना करें। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए उत्तम है। आज नौकरी कर रहे लोगों को फोन द्वारा किसी उच्चाधिकारी से महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है।

**सिंह**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी। आप अपनी प्रतिभा को पहचाने और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी दिनचर्या व कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखेंगे। आज ध्यान रखें कि आपके सरल स्वभाव का कुछ लोग फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नई ऊर्जा का संचार होगा। आज आपको जो भी काम दिया जायेगा, उसे आप अच्छे से करेंगे। बिजनेस में आपको मेहनत के अच्छे नतीजे हासिल होंगे। आज आपको अपने गुस्से पर कण्ट्रोल रखना होगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगायेंगे। आज जीवनसाथी और पारिवारिक सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहेगा। और आपसी रिश्ते भी सौहार्दपूर्ण बने रहेंगे। बिजनेस के कामों में सुधार होगा। स्टाफ और कर्मचारियों का सहयोग बना रहेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज आपके लिए घर का कोई सदस्य कुछ खरीद सकता है जिसे पाकर आप आनन्दित होंगे। अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी की सलाह मिलने से आपका हौसला बढ़ेगा और आप काम को बढ़िया तरीके से करेंगे। करियर में सुधार करने के लिए जिन बातों में बदलाव करना है, वह स्पष्ट रूप से जानने की कोशिश करें। प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी होगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके परिवार में आपसी प्रेम रहेगा। प्रोफेशनल लाइफ में मामले स्पष्ट रखें। व्यापारिक दृष्टिकोण से आज सब कुछ ठीक रहेगा। आपकी इनकम अच्छी रहेगी। आपके धन प्राप्ति के मार्ग में यदि कुछ समस्याएं आ रही है, तो वह आज दूर होगी। आज परिवार का कोई संपत्ति संबंधित मामला सुलझ सकता है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। लोगों के मन में आपके प्रति सम्मान का भाव रहेगा यह देखकर आपको खुशी होगी। आज आप घर के कामों में अपनी माँ की मदद करेंगे और भविष्य को लेकर आप बातचीत भी करेंगे। आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप समस्या से बच जायेंगे।

**मीन**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। अन्य किसी अनजान व्यक्ति की वजह से आपको कुछ उलझन महसूस होगी। मित्रों के साथ बिताए हुए समय की वजह से आनंद मिलेगा, लेकिन काम से अधिक अन्य बातों पर ध्यान देने से कार्यों को पूरा होने में समय लगेगा।

# कविता

## मोर गाँव के संकुर पयडगरी

मोर गाँव म सांकुर-सुग्घर पयडगरी हे
जेमा फूलथे कासी अगरी के अगरी हे
चारो मुढ़ा दिखे हरियर बारी-बखरी हे
डोली के धान छटके सोनहा अंचरी हे
मोर गाँव म सांकुर-सुग्घर पयडगरी हे
जेखर तीरे-तिर बर-पिपर के रवारी हे
जेहर सीधा ले जाथे गाँव के दुवारी हे
इही पयडगरी ले ही गाँव के पूछारी हे
मोर गाँव म हवे नदिया-नरवा,डबरी हे
जिहाँ के माटी लगे, कुधरालू, कछरी हे
इहेंच घाट-घठौंधा अउ सुग्घर पचरी हे
जेला कहिथें ग तरिया सागर-सगरी हे
मोर गाँव म सांकुर-सुग्घर पयडगरी हे
इही पयडगरी ले हमन के चिन्हारी हे
जेमा सुरता आ जाथे संगी-संगवारी हे
जेखर दया-मया-प्रीत जब्बड़ भारी हे





अशोक पटेल 'आशु'
तुस्मा, शिवरीनारायण(छग)
9827874578

# सांसद संतोष पांडेय की अनुंशसा से डोंगरगांव नगर पंचायत में एक करोड़ से अधिक के कार्य स्वीकृत

डोंगरगांव (दावा)। लोकसभा सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर नगर पंचायत डोंगरगांव में एक करोड पचास हजार के प्रशासकीय स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने प्रत्येक नगर पंचायत को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु राशि रू. 1.50-1.50 करोड की अनुदान राशि स्वीकृति प्रदान किये जाने की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु निम्नानुसार 24 कार्यों हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत राशि रूपयें एक करोड पचास हजार स्वीकृति प्रदान की गई है। डोंगरगांव नगर में विकास कार्यों के लिए राशि प्रदान करने हेतु सांसद संतोष पांडे का डोंगरगांव भाजपा के द्वारा आभार व्यक्त किया गया है। भाजपा सरकार बनने के पश्चात डोंगरगांव के विकास कार्यों के लिए लगातार राशि प्रदान की जा रही है। आभार व्यक्त करने वालो में भरत वर्मा, दिनेश गांधी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, स्वरूप जैन, रामकिशन माहेश्वरी, पवन जैन, संतोष यादव, गुलशन हिरवानी, पुरषोत्तम साहू, पुसउ पटेल, कृष्ण कुमार शर्मा, डिकेश साहू, दीना पटेल, रामा निर्मलकर, सरिता ढीमर, अंजू त्रिपाठी, राजीव वैष्णव, श्रीमति मोमिन पटेल, मनबोधि पटेल, एलन साहू, मुन्नी मंडलोई, अश्वनी ठाकुर, कोमल साहू, लक्ष्मी नारायण सेन, बृंदा वर्मा, राकेश देवांगन, दयानद सेन, रोहित गुप्ता, नारायण साहू, योगेश पटेल, लोकेश यदु, अरुण जैन, सिद्दीक बडगुजर, राजा जैन, मुकेश पांडे, संतीश पांडेय, संतोष सोनी, हरि मालेकर, रमेश सोनी, राजेश दवे, अर्पणा तिवारी, राजेन्द्र कण्डरा, प्रवेश ठाकुर है।



निर्माण कार्य निम्नानुसार है वार्ड क्रं. 01 यादव पारा में सामुदायिक भवन निर्माण 10.13 लाख, वार्ड क्रं. 01 बाहुबली हार्डवेयर से विजय साहू घर से आगे नाली निर्माण 4 लाख, वार्ड क्रं. 02 में सी.सी. रोड निर्माण सुरेश श्रीवास्तव के घर से संतोष यादव के घर तक 03.55 लाख, वार्ड क्रं. 03 हनुमान मंदिर के पास मंच एवं शेड निर्माण 5 लाख, वार्ड क्रं. 07 रामलाल ठावरे के घर से अश्वनी देवांगन घर तक नाली के ऊपर कवर निर्माण व सी.सी. रोड निर्माण 5.65 लाख, वार्ड क्रं. 06 किसान राईस मिल के पास सामुदायिक भवन निर्माण 5.06 लाख, वार्ड क्रं. 07, भूपेन्द्र साहू के घर से महेश घर तक सीसी रोड निर्माण 1.69 लाख, वार्ड क्रं. 07, ईश्वर सोनकर के घर से अजय वैष्णव घर तक सी सी रोड निर्माण 4.76 लाख, किशोर राजपूत के घर कीर्ति यादव घर तक आरसीसी नाली निर्माण 2.11 लाख, वार्ड क्रं. 08 सार्वजनिक तालाब में पचरी निर्माण कार्य 10 लाख, वार्ड क्रं. 09 अटल आवास के पास महिला भवन निर्माण 10.13 लाख, सामुदयिक भवन निर्माण, सिन्हा पारा, कालेज रोड, वार्ड क्रं.09 10.13 लाख, झेरिया पारा वार्ड क्रं. 09 सामुदायिक भावन निर्माण 10.13 लाख, वार्ड क्रं. 09 दुर्गा मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य 10.04 लाख, वैष्णव घर से पटेल घर तक आर सीसी नाली निर्माण 1.06 लाख, वार्ड क्रं. 11 पशु औषाधलय के सामने इंटर लाकिंग कार्य 3 लाख, वार्ड क्रं. 11 पशु औषाधलय के सामने सौंदर्यीकरण कार्य 2 लाख, साकेत धाम, वार्ड क्रं. 12 में मंच व शेड निर्माण कार्य 10.12 लाख, ढोडिया तालाब के पास बोर खनन व सबमर्सिबल पंप स्थापना 2 लाख, वार्ड क्रं. 13 उत्तम साहू के खेत के पास से शिव मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण 12.84 लाख, वार्ड क्रं. 15 मटिया, साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण 5.06 लाख, वार्ड क्रं. 15 यादव होटल से जनपद होते हुए सम्पत शर्मा के घर तक सी.सी.रोड निर्माण 9.60 लाख, वार्ड क्रं. 06 में गणेश मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य 4.89 लाख, वार्ड क्रं. 07 समेश दाऊ हाऊस से मुन्ना देवांगन घर तक आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य 7.09 लाख के कार्य किए जाएगें।

# वाय शेप ओवरब्रिज के निर्माण से यातायात व्यवस्था होगी सुगम

## विधानसभा अध्यक्ष की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति

डोंगरगढ़(दावा)। मां बमलेश्वरी की नगरी में बहुप्रतिक्षित वाय सेफ ओवर ब्रिज की मांग को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के विशेष प्रयासों से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 21 करोड रुपए की राशि से छोटी मां बम्लेश्वरी मंदिर के सामने ओवर ब्रिज बनाया जाएगा।



**मंदिर ट्रस्ट की विशेष पहल पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिलाई 21 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति**

शहर की ओर जाने वाले भारी वाहन वर्तमान में नीचे मंदिर के सामने से होकर शहर की ओर पुराने कॉलेज ओवरब्रिज से होकर निकलते हैं।

इस मार्ग में दर्शनार्थियों का आवागमन निरंतर बना रहता है। जिसके कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। साथ ही अंडर ब्रिज में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होने एवं दूसरा कोई विकल्प न होने के कारण सभी वाहनों को नीचे मंदिर के सामने से होकर शहर की ओर जाना पड़ता है।

वर्तमान ट्रस्ट मंडल के गठन होने के पश्चात विगत दो वर्षों से निरंतर ट्रस्ट समिति द्वारा वाय शेप ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु प्रयास किया जा रहा था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह उपमुख्यमंत्री अरूण साव सांसद संतोष पाण्डेय के प्रयासों से 21 करोड रुपए की राशि वाय शेप ओवरब्रिज के इस बहु प्रतीक्षित मांग के लिए स्वीकृत होना शासन की ओर से डोंगरगढ़ की जनता एवं तीर्थ यात्रियों को दीपावली का उपहार है। वाय शेप ओवरब्रिज के स्वीकृत होने पर श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति और समस्त डोंगरगढ़ वासियों द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह उपमुख्यमंत्री अरूण साव सांसद संतोष पाण्डेय का आभार व्यक्त करते हुए डोंगरगढ़ आने वाले समस्त तीर्थयात्रियों की ओर से सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

# पहला कॉलम...

## दक्षिण रायपुर उपचुनाव में बूथ अध्यक्षों की मीटिंग लेकर श्रीमती बघेल द्वारा दिया गया मार्गदर्शन



डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा दक्षिण रायपुर के उपचुनाव में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में स्थानीय कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्षों की बैठक लेकर उन्हें मार्गदर्शन दिया गया। उल्लेखनीय होवे की रायपुर उपचुनाव में प्रदेश संगठन की ओर से श्रीमती बघेल को महती जिम्मेदारी दी गई है।

## आज भव्य रिकार्डिंग डांस आयोजन भरकाटोला में

भरकटोला (दावा)। स.दल्ली जिला-राजनांदगांव में भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता रखा गया है। प्रतियोगिता में सामूहिक पुरुस्कार- प्रथम-10000 षष्ठम 1000 तक रखा गया है। इसी प्रकार युगल पुरुस्कार- प्रथम-5000 से पंचम 100 तक रखा गया है साथ ही एकल पुरूस्कार प्रथम-3000 से पंचम 500 रखा गया है। आयोजन में डोंगरगढ़ विधानसभा विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, डॉ. प्रकाश खूंटे (सहायक प्राध्यापक) एमडी मेडिसिन, थाना प्रभारी कैलाश साहू अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। आदर्श युवा ग्रुप के अध्यक्ष गंगा प्रसाद वर्मा ने ज्यादा से ज्यादा जनसंख्या में उपस्थित होने का निवेदन किया।

## तथागत ने किया लोकल फार वोकल का आह्वान

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व महापौर विजय पांडे के सुपुत्र तथागत पांडे ने लोगों से लोकल फार वोकल का आह्वान किया है। उन्होंने एक विडियो के माध्यम से संस्कारधानी नगरी के संस्कार प्रिय लोगों से लोकल खरीदारी को जोर देने का निवेदन करते हुए कहा है कि दीपावली के अवसर पर हमें आनलाइन नही बल्कि आफलाइन खरीदी करना चाहिए। सड़क पर जो दुकानें सजी हैं वहां से मिट्टी के दीए, पूजा सामग्रियों, लाई बताशे, फूल हार आदि खरीदें। उनसे मोल भाव न करें और उनसे उचित दाम में खरीदारी करें।

तथागत ने कहा कि हमारे शहर में एक से बढ़कर एक लाइट दुकानें हैं। अपने घर को रंग- बिरंगी लाइट से सजाने के लिए बजाय आनलाइन, यही से लाइटें खरीदें। शहर में जबरदस्त कपड़ा मार्केट है। अन्य स्थानों से हमारे शहर में किफायती रेट में वस्त्र परिधान मिलते हैं। तब आनलाइन खरीदी क्यों की जाए। शहर के म्यूनिसिपल स्कूल मैदान में जबरदस्त पटाखों की दुकानें सजी हैं। वहां फटाके खरीदें और शहर के छोटे व्यवसायियों के हाथ मजबूत करिए। तथागत ने कहा कि हम सब एक परिवार है ओर पूरा परिवार ऐसा कुछ करके दीपावली मनाएं कि हमे एक दूसरे का सहयोग याद रहे और हमारा सहयोग भाव आबाद रहे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 31 अक्टूबर तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह सितम्बर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 22 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 30 अक्टूबर को गुरू गोविंद सिंह वार्ड नं. 24 के लिये सिंधु भवन लालबाग में, शीतला माता वार्ड नं. 25 के लिये पुत्रीशाला में, सूर्यमुखी वार्ड नं. 26 के लिये सत्यनारायण धर्मशाला में, सुभाष वार्ड नं. 27 व तिलक वार्ड नं. 28 के लिये कन्या प्राथमिक शाला भरकापारा में, विवेकानंद वार्ड नं. 19 के लिये मठपारा सामुदायिक भवन में व कैलाश वार्ड नं. 30 के लिये पार्षद कार्यालय कैलाश नगर में एवं 31 अक्टूबर को जनता कालोनी वार्ड नं. 31, संजय वार्ड नं. 32, लखोली वार्ड नं. 35 व सेठीनगर वार्ड नं. 36 के लिये यादव भवन गौठान लखोली में, लखोली वार्ड नं. 33 के लिये कबीर भवन बैगापारा लखोली में तथा कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 के लिये शंकर भवन कन्हारपुरी में शिविर का आयोजन किया गया है।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह सितम्बर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

# रबी धान को हतोत्साहित न करने किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

**कलेक्टर ने कहा- कोई जोर जबरदस्ती नही की जा रही है**



राजनांदगांव (दावा)। जिला किसान संघ के बैनर तले जिले भर से आए किसानों से कलेक्टर मुलाकात कर रबी धान को हतोत्साहित न करने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि रबी धान की फसल काफी किसानों की आजीविका, आमदनी और पलायन न करने का साधन बनी हुई है। अन्य फसलें बंदर और सुअरों के कारण बहुत तकलीफ देह है और आमदनी की कमी देती है। किसान परंपरागत रूप से धान की खेती कर रहे है। इसलिए भी धान की खेती सुविधाजनक है।

जहां तक जल संकट का सवाल है ये सिर्फ किसानों से जुड़ा विषय नही है अपितु समूचे समाज से जुड़ा विषय है। जल संकट के समाधान के लिए समाज के सभी की भागीदारी जरूरी है। इसे लेकर समाज में विमर्श खड़ा करने एवं समाधान खोजने की जरूरत है। सिर्फ किसानों के धान नही बोने से समाधान नही हो पायेगा। उद्योगों में कितना पानी खर्च हो रहा है हमारे निर्माण भू-जल संवर्धन में कितना बाधक है। पुराने कुँओं और तालाब के साथ हमने क्या किया। आम शहरी पानी को लेकर कितना संवेदनशील और जागरूक है। हमें प्रकृति 1000 मि.मि. से अधिक औसत वार्षिक वर्षा देती है। उसका प्रबंधन संरक्षण हम कैसे कर रहे है, इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग के लिए हम क्या कर रहें है, जंगल बचाने हमारे क्या प्रयास है इत्यादि विभिन्न आयाम है जिन्हे नजर अंदाज करते हुए सिर्फ किसान को हतोत्साहित करना उचित नही होगा, अतः किसान हित को ध्यान में रखते हुए समग्रता में समाधान खोजा जाना चाहिए।

विस्तृत चर्चा में कलेक्टर ने कहा कि धान की खेती से संपन्नता नहीं आ सकती इसलिए आमदनी बढ़ाने फसल विविधिकरण के लिए प्रशासन जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है जो कि धीरे-धीरे सामूहिक खेती के माध्यम से संभव है। हम एकाएक रबी धान को बंद करने कोई दबाव नहीं बना रहें है। शासन-प्रशासन किसान के साथ है। किसान की खुशी से सभी की खुशी जुड़ी हुई है।

आगे किसानों ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त 3217 रूपये में धान खरीदी एवं 13 फरवरी तक धान खरीद की मांग के संबंध में मुख्यमंत्री ध्यानाकर्षण यात्रा 6 नवंबर को राजनांदगांव से रायपुर तक निकाले जाने की जानकारी दी एवं मुख्यमंत्री से समय दिलाने का आग्रह किया। प्रयास का आश्वासन कलेक्टर ने दिया है।

# रेल में बढती दुर्घटनाओं एवं रेल लाईन से छेडछाड की घटनाओं बाबत जागरूकता



राजनांदगांव (दावा)। रेलवे सुरक्षा बल, नागपुर मंडल द्वारा रेल लाईन से छेडछाड एवं रेलवे में बढती दुर्घटनाओं (अनापेक्षित घटना) पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। रेल लाईन पार करने के दौरान लापरवाही पूर्वक मोबाईल में व्यस्त रहना तथा रेलवे कर्मचारियों द्वारा रेल लाईन पर कार्य करने के दौरान अनावश्यक रूप से मोबाईल में व्यस्त होने एवं हेडफोन/एयरबड लगाकर गाने सुनना आदि में व्यस्त रहने के कारण अनापेक्षित घटनाए बढ रही है एवं साथ ही देश भर में रेल लाईन से छेड़छाड़ की घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं, जिसकी रोकथाम हेतु रेलवे सुरक्षा बल नागपुर मंडल द्वारा अनाधिकृत रूप से पटरी पार करने वालों के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा रेल अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही कि जा रही है। वर्ष-2024 में अब तक रेल लाईन को अनाधिकृत रूप से पार करने वाले कुल 1236 व्यक्तियों को रेल अधिनियम के तहत पकडकर वैधानिक कार्यवाही की गई है रेसुब/दक्षिण पूर्व मध्य रेलव/नागपुर, लोगो/यात्रियों से अपील करता है कि रेलवे स्टेशन पर रेल लाइन पार ना करे एक प्लेमटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने के लिए ब्रिज का ही इस्तेमाल करें एवं रेल लाईन किनारे कोई भी संदिग्ध वस्तु दिखाई देने या संदिग्ध व्यक्ति को घूमते पाए जाने पर नजदीकी रेलवे सुरक्षा बल (आपीएफ) अथवा स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

# छत्तीसगढ़ में बिगड़ी कानून व्यवस्था की खराब स्थिति के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर छत्तीसगढ़ में बिगड़ी कानून व्यवस्था और बलरामपुर में पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत और प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया।

## कांग्रेस नेताओं के आरोप

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था फेल हो गई है और प्रदेश में अराजकता और भय का माहौल है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से नैतिकता के नाते पद छोड़ने की मांग की है।

## पुतला दहन को लेकर पुलिस और कांग्रेसीयो के बीच झुमाझटकी

कांग्रेसियों और पुलिस के बीच झुमाझटकी हुई जब पुलिस ने पुतला दहन को रोकने की कोशिश की। पुलिस ने जलते पुतले को बुझाने के लिए काफी प्रयास किया और अंत में उसे छीन लिया, लेकिन तब तक पुतला आधा जल चुका था।

## कांग्रेस की मांग

कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार करना, पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत की जांच कराना, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का से इस्तीफा की मांग। कांग्रेसीयों के व्दारा पुतला दहन कार्यक्रम खैरागढ़ राजीव चौक में आयोजित किया गया था और इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। पुलिस प्रशासन के व्दारा भी भारी संख्या में बल उपस्थित थे।

# जिले के प्रभारी सचिव जयप्रकाश मौर्य ने वीसी के माध्यम से ली प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की बैठक

मोहला (दावा)। वर्चुअल माध्यम से जिले के प्रभारी सचिव जयप्रकाश मौर्य की अध्यक्षता एवं कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति की उपस्थिति में आज जिला कार्यालय के वीसी कक्ष में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दीपावली पर्व को ध्यान में रखकर सभी समाज एवं सभी वर्गो को शांतिपूर्व त्यौहार व उत्सव मनाने के लिए सभी शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया गया है। सभी थाना प्रभारियों को शांति समिति की बैठक लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

जिले के प्रभारी सचिव जयप्रकाश मौर्य ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया है कि महाराष्ट्र राज्य की सीमावर्ती जिले से कोई अवैधानिक गतिविधियां संचालित ना हो, इस पर विशेष ध्यान रखने कहा गया है। महाराष्ट्र सीमा से होकर अवैध रूप से शराब की तस्करी ना हो इस पर सघनता पूर्वक सीमा क्षेत्र में जांच और कार्यवाही करने कहा गया है। जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए जिले के अंतर्गत संचालित मेडिकल स्टोर्स में नशे की गोली विक्रय ना हो, इस हेतु प्रशासन व पुलिस विभाग को संयुक्त कार्रवाई एवं जांच करने कहा गया है। स्कूल एवं कॉलेज के बच्चों को नशा से दूर रखने के लिए यहां नशा मुक्ति शिविर लगाने, एवं अधिक मात्रा में नशा पान करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें नशा के दुष्परिणामों से भली भांति अवगत कराने कहा गया है। इस नशा मुक्ति जागरूता के लिए शिक्षा/ उच्च शिक्षा विभाग एवं पंचायत विभाग के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर के अमले को सर्वे अभियान चलाकर कर जागरूकता फैलाने एवं नशा मुक्ति केन्द्र का संचालन कर नशा मुक्ति की दिशा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया। अवैध रूप से नशा का व्यापार करने वाले व्यक्ति पर कड़ी एवं दंडात्मक कार्रवाई करने कहा गया है।

कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि सभी संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि आपराधिक गतिविधियों को किसी भी प्रकार का संरक्षण ना देवें। दीपावली पर्व को ध्यान में रखकर नगर में जहा फटाके की दुकान संचालित होगी वहां उचित व्यवस्था हो जिससे किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो। सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के उद्देश्य से सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं की धर पकड़ की कार्यवाही करने तथा पशु मालिकों को समझाईस देने कहा गया है।

# खैरागढ़ कॉलेज में जे.के.वैष्णव का सम्मान कर सेवानिवृत्ति होने पर दी बिदाई

खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में सोमवार 28 अक्टूबर को वरिष्ठ ग्रंथपाल जे.के.वैष्णव का सम्मान समारोह प्राचार्य डॉ. जे.के. साखरे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। वे इस माह अक्टूबर 2024 में सेवानिवृत होने वाले हैं। सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित, सरस्वती वंदना तथा अतिथियों के स्वागत पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सम्मान समारोह का संचालन करते हुए प्रो. यशपाल ने वरिष्ठ ग्रंथपाल जे.के.वैष्णव के शहडोल जिले से स्थानांतरण के पश्चात 34 वर्षों से खैरागढ़ कालेज में सहज सरल स्वभाव के धनी एवं उच्च शिक्षा क्षेत्र में उनके अकादमिक योगदान की जानकारी दी। समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ ने मिलकर वरिष्ठ ग्रंथपाल वैष्णव सर को शाल, श्रीफल, स्मृति चिह्न, घड़ी, फोटो फ्रेम, पुष्प गुच्छ उपहार भेंट कर सम्मानित किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. जे.के.साखरे ने कहा कि जे.के.वैष्णव सर के दीर्घ अनुभव से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है। सरल एवं आकर्षक व्यक्तित्व के धनी वैष्णव जी कभी अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटे, बल्कि महाविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।

महाविद्यालय परिवार को उनकी कमी हमेशा महसूस होती रहेगी। प्रो. सुरेश आडवानी ने कहा कि



वैष्णव सर कालेज में ग्रंथालय के साथ ही छात्रसंघ प्रभारी, रेडक्रास प्रभारी, रैगिंग रोकथाम प्रभारी, क्रीड़ा प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी आदि के रूप में भी अपने सेवाएं देते रहें।। उन्होंने जे.के.वैष्णव के महत्वपूर्ण कार्य एवं उपलब्धियों से अवगत कराया, साथ ही उनके सफल, स्वस्थ्य दीर्घायु जीवन जीने की शुभकामनाएं दी।

प्रो. सतीश माहला ने कहा कि जे.के.वैष्णव सर का प्रसन्नचित्त मुस्कुराते हुए सदैव कार्य करने से छात्र छात्राएं इनके व्यवहार से बहुत खुश रहते थे। डॉ. उमेंद चंदेल ने कहा कि कालेज के सभी कार्यक्रमों में सदैव महत्वपूर्ण अग्रणी भूमिका निभाने वाले वैष्णव सर छात्र छात्राओं का भी स्वस्फूर्त मदद करते रहे हैं। जिसके कारण वे सदैव सम्मान पाने के हकदार रहें। डॉ. मेधाविनी तुरे कन्या महाविद्यालय ने कहा कि जे.के.वैष्णव सर कालेज से बिदाई हो रहे हैं। किन्तु अमिट योगदान हम सभी एवं छात्र छात्राओं के मन में रहेगा। प्रो सृष्टि वर्मा ने कहा कि जे.के.वैष्णव हर समय हंसते हुए प्रसन्न मन से कार्य किए जिससे हम सभी शिक्षकों को भी पॉजिटिव एनर्जी मिलती रही है।

इस सम्मान समारोह के केंद्रस्थ ग्रंथपाल जे.के.वैष्णव ने अपने 34 वर्षों के दीर्घ अनुभव को साझा करते हुए, सहयोग के लिए महाविद्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हार्दिक धन्यवाद दिया। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ के सम्मान समारोह के पूर्व वरिष्ठ ग्रंथपाल जे.के.वैष्णव का सम्मान इससे पूर्व महाविद्यालय के हिंदी एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर विभाग सहित शासकीय कन्या महाविद्यालय के द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। आभार प्रदर्शन शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की हिंदी की प्राध्यापक डॉ. मेधाविनी तूरे ने किया। सम्मान समारोह में प्रो. मोनिका जत्ती, शिक्षक कुंदन यादव, खेमपाल, अंजलि पटेल, नेहा साहू, टिकेश्वरी साहू, मैथिली पटेल, पायल सुधाकर, ज्योति साहू, अजय वर्मा, दुर्वासा सिन्हा के साथ रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहें।

# खैरागढ़ की बेटी सौंदर्या का कनिष्ठ अभियंता के पद पर हुआ चयन

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदान की नियुक्ति पत्र**



खैरागढ़ (दावा)। राजपरिवार खैरागढ़ के सेवानिवृत्त शिक्षक सूर्यहास सिंह की पुत्री सौंदर्या सिंह का चयन सीएसपीडीसीएल (विद्युत विभाग) में कनिष्ठ अभियंता के पद पर हुआ है। बीते दिनों राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सौंदर्या को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो कि उक्त पद के लिये आयोजित परीक्षा में सौंदर्या ने महिला अभ्यर्थियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है एवं ऑल ओवर रैंक में 9वें स्थान पर हैं। सौंदर्या भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष कमल सिंह की भतीजी है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों सहित करीबियों व साथियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# पहला कॉलम...

## भारत के ख़िलाफ़ तीसरा टेस्ट भी नहीं खेलेंगे केन विलियमसन

वेलिंगटन। ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे केन विलियमसन भारत के ख़िलाफ़ 1 नवंबर से मुंबई में शुरू हो रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा है कि इंग्लैंड के ख़िलाफ़ आगामी तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में विलियमसन की फ़िटनेस सुनिश्चित करने के कारणवश कीवी बल्लेबाज़ तीसरे टेस्ट के लिए भारत नहीं जाएंगे।

न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड के हवाले से एनजेडसी ने कहा, केन की स्थिति में काफ़ी सुधार हुआ है लेकिन इस समय वह हमारे साथ जुड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। इसलिए हमारे विचार में उन्हें अभी न्यूज़ीलैंड में रिहैब करना चाहिए ताकि वह इंग्लैंड के ख़िलाफ़ श्रृंखला के लिए तैयार हो सकें। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला क्राइस्टचर्च में 28 नवंबर से शुरू होने वाली है। विलियमसन को यह चोट श्रीलंका दौरे के दौरान लगी थी जिसके चलते विलियमसन भारत के ख़िलाफ़ पहले दो टेस्ट मैचों का भी हिस्सा नहीं बन पाए थे।

## रॉड्री ने जीता बैलन डे ऑर 2024, रियल मैड्रिड चुना गया साल का सर्वश्रेष्ठ क्लब

नईदिल्ली, 29 अक्टूबर। मैनचेस्टर सिटी और स्पेन के मिडफील्डर रॉड्री ने 2024 के पुरुष वर्ग का बैलन डे ऑर जीता है।इस स्टार खिलाड़ी ने मैनचेस्टर सिटी को प्रीमियर लीग जीतने में मदद की। इसके साथ-साथ उन्होंने स्पेन को 2024 को यूरोपीय चैम्पियनशिप का खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी।रोड्री ने ब्राजील के विनिसियस जूनियर और इंग्लैंड के जूड बेलिंघम को पीछे छोड़ते हुए ये प्रतिष्ठित खिताब जीता।

रॉड्री की जीत ने स्पेनिश प्रशंसकों के लिए 64 साल के इंतजार को खत्म कर दिया। आखिरी बार 2012 में कोई स्पेनिश खिलाड़ी बैलन डे ऑर में शीर्ष-3 में मौजूद था।तब बार्सिलोना के दिग्गज आंद्रे इनिएस्ता उस साल के विजेता लियोनल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे।28 वर्षीय रॉड्री ने सिटी के साथ प्रीमियर लीग, यूईएफए सुपर कप और फीफा क्लब विश्व कप भी जीता। रॉड्री इस खिताब को जीतने वाले स्पेन के सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बने हैं। वह साल के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुने जाने वाले मैनचेस्टर सिटी से पहले खिलाड़ी बने हैं।बता दें कि उनसे पहले स्पेन से लुईस सुआरेज और अल्फ्रेडो डि स्टेफानो बैलन डे ऑर का खिताब जीत चुके हैं।स्टेफानो ने साल 1957 और 1959 में ये सम्मान हासिल किया था जबकि सुआरेज 1960 में इस पुरस्कार को जीतने में सफल हुए थे।

## ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**कोचिंग स्टाफ में हुए शामिल**

नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है।वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आधिकारिक रूप से यह जानकारी दी है।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने और कोचिंग में शामिल होने के बावजूद वेड बिग बैश लीग सहित कुछ फ्रेंचाइजी क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे। अपने संन्यास के बारे में बात करते हुए वेड ने कहा, मुझे पूरी तरह से पता था कि पिछले टी-20 विश्व कप के बाद मेरे अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत हो गया है। पिछले 6 महीनों में जॉर्ज बेली और एंड्रयू मैकडोनाल्ड के साथ मेरी अंतरराष्ट्रीय संन्यास और कोचिंग के बारे में लगातार बातचीत होती रही है। पिछले कुछ सालों से कोचिंग मेरी प्राथमिकता रही है और सौभाग्य से मुझे कुछ बेहतरीन अवसर मिले हैं। वेड ने आगे कहा, मैं अपने सभी ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथियों, कर्मचारियों और कोचों को धन्यवाद देना चाहता हूँ। मैंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतीपूर्ण यात्रा का आनंद लिया।

मेरे आस-पास अच्छे लोगों के बिना मैं कभी भी खुद से उतना नहीं निकाल पाता जितना मैंने किया।बता दें कि वेड पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए आंद्रे बोरोवेक के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। वेड आखिरी बार किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में टी-20 विश्व कप 2024 में नजर आए थे। वह ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी-20 विश्व कप 2021 जीत चुके हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 17 गेंदों पर नाबाद 41 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी।वेड ने अपने अंतरराष्ट्रीय टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 92 मैच खेले हैं, जिसमें 26.13 की औसत से 1,202 रन बनाए हैं।इस बीच उन्होंने 80 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 3 अर्धशतक लगाए हैं। वेड ने 97 वनडे में 26.29 की औसत से 1,867 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 11 अर्धशतक लगाए थे।वेड ने 2012 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था।उन्होंने एक दशक से लम्बे करियर में 36 टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 29.87 की औसत से 1,613 रन अपने नाम किए थे।

## 23 रुपये का डिविडेंड देगी ये डिफेंस कंपनी

मुंबई। तमाम कंपनियां तिमाही नतीजे जारी करने के साथ-साथ अपने निवेशकों के लिए डिविडेंड का ऐलान कर रही हैं। इसी बीच दिग्गज डिफेंस कंपनी मझगांव डॉक ने भी अपने शेयरहोल्डरों के लिए डिविडेंड का ऐलान किया था। अब इस डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट काफी नजदीक आ चुकी है। जी हां, हम बात कर रहे हैं मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स की। पानी के जहाज बनाने वाली इस कंपनी ने 17 अक्टूबर को अपने शेयरहोल्डरों के लिए डिविडेंड का ऐलान किया था। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया था कि शेयरहोल्डरों को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 10 रुपये की फेस वैल्यू प्रत्येक शेयर पर 23.19 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी ने इस डिविडेंड के भुगतान के लिए बुधवार, 30 अक्टूबर को रिकॉर्ड डेट तय किया है। 30 अक्टूबर को कंपनी के शेयर एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेंगे। यानी, 30 अक्टूबर को खरीदे जाने वाले नए शेयरों पर निवेशकों को डिविडेंड का लाभ नहीं मिलेगा। शेयरहोल्डरों के बैंक खाते में 20 नवंबर या उससे पहले ही डिविडेंड के पैसे ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। कंपनी ने इसके साथ ही स्टॉक स्प्लिट का भी ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले एक शेयर को दो हिस्सों में बांटा जाएगा।

# प्रथम पेज का शेष

***एलओसी पर जवानों...***

सेना ने पुंछ और राजौरी जिलों में कई स्थानों पर पारंपरिक उत्साह और भक्ति के साथ इसे मनाया। पूरे देश में दीवाली धूमधाम और उल्लास के साथ मनाई जाती है। लोग पूजा करते हैं, अनुष्ठान करते हैं, अपने घरों को दीयों, रंगोली, गहनों और रोशनी से सजाते हैं, स्वादिष्ट मिठाइयों और व्यंजनों का आनंद लेते हैं, नए पारंपरिक परिधान पहनते हैं, और भी बहुत कुछ करते हैं। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान राम रावण का वध करने और 14 वर्ष वनवास काटने के बाद दीवाली के दिन अयोध्या लौटे थे। इस त्यौहार के अवसर पर लोग लक्ष्मी, गणेश और कुबेर की पूजा करते हैं और स्वास्थ्य, धन और समृद्धि की कामना करते हैं।

# वानखेड़े स्टेडियम में अच्छा नहीं है टीम इंडिया का ट्रैक रिकॉर्ड, मगर एक बात फैंस को कर देगी खुश

मुंबई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा व आखिरी मुकाबला 1 नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मैच में रोहित शर्मा एंड कंपनी हर हाल में जीत दर्ज कर सीरीज को 1-1 की बराबरी पर लाना चाहेंगे. चूंकि, पहले ही टीम इंडिया सीरीज को 0-2 से हार चुकी है और अब वह आखिरी मैच जीतकर सम्मान से सीरीज खत्म करना चाहेगी.

न्यूजीलैंड के साथ खेली जा रही टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला 1 नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा. अब यदि वानखेड़े में टीम इंडिया के रिकॉर्ड की बात करें, तो वो कुछ खास नहीं है. 1975 से इस ऐतिहासिक मैदान पर उन्होंने 26 टेस्ट मैच खेले हैं और उनमें से 12 जीते हैं.

भारतीय टीम को 7 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जबकि 7 मैच ड्रॉ पर खत्म हुए हैं. हालांकि, भारतीय फैंस को ये जानकर खुशी होगी कि मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत ने अपने पिछले 5 मैचों में सिर्फ 1 मैच हारा है. न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में मिली हार के बाद अब भारतीय मैनेजमेंट ने रख्त रुख अपनाया है. दोनों टीमों के बीच तीसरा टेस्ट मैच 1 नवंबर से शुरू होने वाला है. मगर, इससे पहले टीम इंडिया के लिए 2 दिन का ट्रेनिंग सेशन रखा गया है, जिसमें मैनेजमेंट का मैसेज क्लीयर है कि सभी को इसमें शामिल होना जरूरी है.

बताया जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित किसी भी खिलाड़ी को ट्रेनिंग सेशन मिस करने की इजाजत नहीं है. यानी किसी भी खिलाड़ी को दीवाली के दिन भी आराम नहीं मिलने वाला है. भारतीय क्रिकेट टीम के विजयरथ को रोकते हुए न्यूजीलैंड ने शानदार जीत हासिल की है. बेंगलुरु और पुणे टेस्ट में हराने के बाद न्यूजीलैंड इस टेस्ट सीरीज को 2-0 से जीत चुकी है. सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा, जिसकी शुरुआत 1 नवंबर से होने वाली है.

## म्यूचुअल फंड निवेश पर बंपर रिटर्न, खूब होगी कमाई

मुंबई। शेयर बाजार में आज बड़ी तेजी है लेकिन पिछले कुछ दिनों में बाजार में बड़ा करेक्शन भी है। ऐसे में यह समय म्यूचुअल फंड में निवेश बढ़ाने का सही समय है। आप किसी अच्छे फंड में नया आईपीओ शुरू कर सकते हैं या पहले से चल रहे फंड में एकमुश्त निवेश कर सकते हैं। आज हम आपको इससे इतर एक नई चीज बता रहे हैं कि आईपीओ के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करने से सही रणनीतियों को अपनाकर आप कैसे ज्यादा रिटर्न ले सकते हैं। आइए जानते हैं। शेयर बाजार में आज बड़ी तेजी है लेकिन पिछले कुछ दिनों में बाजार में बड़ा करेक्शन भी है। ऐसे में यह समय म्यूचुअल फंड में निवेश बढ़ाने का सही समय है। आप किसी अच्छे फंड में नया आईपीओ शुरू कर सकते हैं या पहले से चल रहे फंड में एकमुश्त निवेश कर सकते हैं। आज हम आपको इससे इतर एक नई चीज बता रहे हैं कि आईपीओ के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करने से सही रणनीतियों को अपनाकर आप कैसे ज्यादा रिटर्न ले सकते हैं।

# मिकी आर्थर रंगपुर राइडर्स के मुख्य कोच नियुक्त

ढाका। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मुख्य कोच मिकी आर्थर को रंगपुर राइडर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है और वह 26 नवंबर से शुरू होने वाली ग्लोबल सुपर लीग में टीम की अगुआई करेंगे। वह बांग्लादेश प्रीमियर लीग में भी रंगपुर टीम का प्रबंधन करेंगे। 56 वर्षीय आर्थर, जिनके पास कोचिंग का व्यापक अनुभव है, उन्होंने कई वर्षों तक पाकिस्तान और श्रीलंका की सीनियर पुरुष टीमों का प्रबंधन भी किया है, वह दुनिया भर की कई टी20 फ्रेंचाइजी से भी जुड़े रहे हैं।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने हाल ही में लंका प्रीमियर लीग में दांबुला ऑरा के साथ काम किया और वर्तमान में डर्बीशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के क्रिकेट निदेशक हैं। रिपोर्ट में रंगपुर टीम के निदेशक शानियान तनीम के हवाले से कहा गया, हमने इस साल जीएसएल और बीपीएल के लिए मिकी आर्थर को साइन किया है।

यह एक साल का करार है। वह इस साल इन दो टूर्नामेंटों के लिए हमारी देखभाल करेंगे। वह हमारी टीम के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वह स्थानीय खिलाड़ियों को कोचिंग देने के लिए वास्तव में उत्साहित हैं। हम जीएसएल और बीपीएल की टीम बनाने के लिए पिछले सात से आठ दिनों से मिकी के संपर्क में हैं। वह बहुत सक्रिय है, हमेशा खुशी-खुशी हमारी मदद करता है।

तनीम ने कहा, मुझे लगता है कि वह रंगपुर राइडर्स की संस्कृति के लिए एकदम सही है। वह बहुत मिलनसार व्यक्ति है। वह विशेष रूप से बांग्लादेशी क्रिकेटरों के लिए बहुत फायदेमंद होगा। उसके पास बहुत अनुभव है। वह पहले से ही श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसे कई अंतरराष्ट्रीय देशों की देखभाल कर चुके हैं।

# बाबर आजम को टेस्ट क्रिकेट में और बहुत कुछ हासिल करना है: रंमीज राजा

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा को लगता है कि स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने अभी तक टेस्ट प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है। खराब फॉर्म के कारण बाबर को इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो टेस्ट मैचों में आराम दिया गया था। पाकिस्तान ने दोनों मैच जीते और शान मसूद की कप्तानी में पहली बार सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

55 टेस्ट मैचों में बाबर ने 43.92 की औसत से 3,997 रन बनाए हैं। हालांकि, उन्होंने 2022 के बाद से कोई टेस्ट अर्धशतक नहीं बनाया है और एक साल में उनके फॉर्म में गिरावट देखी गई है, जब उन्हें कप्तान बनाया गया था और फिर जून में इस साल के टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के ग्रुप-स्टेज से बाहर होने के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया था।

बाबर के हालिया फॉर्म के बारे में बात करते हुए राजा को लगता है कि पूर्व कप्तान को यह दिखाना होगा कि उनमें दिग्गज विव रिचर्ड्स जैसी क्षमता है। रजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मुझे लगता है कि बाबर को टेस्ट क्रिकेट में और भी बहुत कुछ हासिल करना है। वह व्हाइट-बॉल प्रारूप में बहुत अच्छा खेलता है, दोनों प्रारूपों (टी20 और वनडे) में उसका औसत 50 से ज़्यादा है...बाबर आज़म में बहुत क्षमता है।. अब उनको अपने स्वभाव से बताना है दुनिया में कि वो एक विव रिचर्ड्स हैं। जितना बड़ा मुक़ाबला होगा, रिचर्ड्स उतनी ही बड़ी पारी खेलेंगे।

इस बीच, बाबर अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ व्हाइट-बॉल सीरीज़ में शानदार फ़ॉर्म के साथ टेस्ट में अपना दावा मज़बूत करना चाहेंगे। उन्हें दौरे के लिए वनडे और टी20 दोनों टीमों में चुना गया था।

यह विश्व कप 2023 के बाद पाकिस्तान का पहला वनडे होगा, जहां वे बाबर की कप्तानी में सेमीफ़ाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहे और पांचवें स्थान पर रहे। दाएं हाथ के बल्लेबाज को लगातार 2021 और 2022 में आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया और वे आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। इस दौरे में उनका प्रदर्शन उनके टेस्ट भविष्य का फैसला करेगा, क्योंकि पाकिस्तान को दक्षिण अफ्रीका का दौरा करना है और वेस्टइंडीज की मेजबानी में पांच टेस्ट खेलने हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स करेगी ऋषभ पंत की छुट्टी! अपने पुराने कप्तान को वापस लाने की तैयारी में डीसी

**नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए सभी टीमें 31 अक्टूबर को रिटेंशन लिस्ट जारी करने वाली हैं. इससे पहले क्रिकेट के गलियारों में सिर्फ इसी की चर्चा है.**

खबर आ रही है कि दिल्ली कैपिटल्स की टीम ऋषभ पंत को रिलीज कर सकती है. वहीं, अब रिपोर्ट्स के हवाले से ये भी पता चल गया है कि डीसी अपने पुराने कप्तान को ही वापस लाने की तैयारी में है.

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पिछले कई सालों से फ्रेंचाइजी की कप्तानी कर रहे हैं. लेकिन, अब तक वह टीम को खिताब जिताने में सफल नहीं हुए. रिपोर्ट्स सामने आई हैं कि फ्रेंचाइजी पंत को कप्तानी से हटाने के बारे में सोच रही है. आपको बता दें, पंत ने 43 मैचों में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की है, जिसमें 23 मैच जिताए हैं, वहीं 19 मैचों में हार का सामना किया है. 1 मैच बिना रिजल्ट रहा. ऐसे में पंत का विनिंग प्रतिशत 54.65 का है.

आईपीएल रिटेंशन से पहले वैसे तो कई बड़े खिलाड़ियों की चर्चा है. मगर, इस बीच एक खबर ने सभी को चौंका दिया है. सूत्रों की मानें, तो दिल्ली कैपिटल्स की टीम श्रेयस अय्यर को अपने साथ जोड़ना चाहती है. इसके लिए उन्होंने अय्यर को बड़ा ऑफर भी दिया है. इधर दिल्ली अय्यर को अपने साथ जोड़ने की ताक में है, तो वहीं दूसरी ओर कोलकाता नाइट राइडर्स भी अपने चैंपियन कैप्टन को बरकरार रखने की पूरी कोशिश कर रही है. अब देखने वाली बात होगी कि अय्यर किस टीम को चुनते हैं.

श्रेयस अय्यर पहले भी दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर चुके हैं. डीसी ने 2018 में उन्हें टीम की कमान सौंपी थी. वह 2018-2020 तक डीसी के कैप्टन रहे. इस दौरान उन्होंने कुल 41 मैचों में कप्तानी की, जिसमें 21 मैच जीते और 18 में हार का सामना करना पड़ा. आपको बता दें, आईपीएल 2019 में अय्यर की ही कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने 7 सालों के लंबे इंतजार के बाद प्लेऑफ तक का सफर तय किया था. फिर अगले सीजन टीम फाइनल में पहुंची, हालांकि ट्रॉफी जीतने से एक कदम दूर रह गई थी.

# खाली हाथ घर लौटने से बेहतर था कांस्य पदक जीतना, जूनियर पुरुष हॉकी कप्तान आमिर अली ने कहा



बेंगलुरु। मलेशिया में सुल्तान ऑफ जोहोर कप में कांस्य पदक जीतने के बाद, टीम की भावनाओं को दोहराते हुए, कप्तान आमिर अली ने कहा, गोल अंतर के कारण फाइनल में चूकने के बाद हम बहुत निराश थे। लेकिन एक टीम के रूप में, हमने फैसला किया कि हम जो बेहतर कर सकते थे, उस पर पीछे मुड़कर देखने का कोई मतलब नहीं है। हमने कांस्य पदक मैच पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया और खुद से कहा कि हम खाली हाथ घर नहीं लौट सकते।

भारतीय जूनियर पुरुष टीम ने रोमांचक प्ले-ऑफ मैच में न्यूजीलैंड को हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय टीम जापान (4-2), ग्रेट ब्रिटेन (6-4), मलेशिया (4-2) और न्यूजीलैंड (3-3) के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन के साथ पूरे टूर्नामेंट में अंक तालिका में शीर्ष पर रही। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-4 से हार, जिसने टूर्नामेंट जीता, ने भारत को बहुत नुकसान पहुंचाया। जीबी ने भारत से आगे रहते हुए मात्र एक गोल के अंतर से फाइनल में जगह बनाई।

हालांकि, टीम के नए कोच, दिग्गज पीआर श्रीजेश द्वारा प्रज्वलित की गई जुझारू भावना ने उन्हें तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने में मदद की। अली ने कहा, टीम में कम से कम 12 खिलाड़ी पहली बार कोई बड़ा टूर्नामेंट खेल रहे थे। वे पहले टेस्ट सीरीज़ खेल चुके थे, लेकिन वे टूर्नामेंट के लिए नए थे। श्री भाई (श्रीजेश) हमारे लिए सबसे अच्छे मेंटर हैं। उन्होंने लगातार हमसे कहा कि हम बिना किसी दबाव के खेले गए मैचों का आनंद लें। यही कारण है कि हम गोल खाने के बाद भी वापसी करते हैं और उन मैचों में जीत भी हासिल करते हैं। अली ने कहा ,वह हमसे मैच में कदम-दर-कदम आगे बढ़ने के बारे में बात करते थे और हाफ-टाइम ब्रेक के दौरान भी, जब हम स्कोरलाइन में पीछे होते थे, तो वह हमें बताते थे कि हम दबाव में आए बिना कैसे आगे बढ़ सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ वह मैच जिसमें हम बड़े अंतर से हार गए थे, उसकी कीमत हमें चुकानी पड़ी। अब, टीम राउंड-रॉबिन लीग की प्रकृति को समझती है और हर गोल कितना मायने रखता है।

बेंगलुरू के साई में काम पर वापस आते हुए, टीम ने अपना ध्यान जूनियर एशिया कप खिताब जीतने पर केंद्रित कर दिया है। यह टूर्नामेंट एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है, जो 26 नवंबर को मस्कट, ओमान में शुरू होगा। हम वापस कैंप में हैं और जूनियर एशिया कप के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। अगले कुछ महीने हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि हम घरेलू धरती पर जूनियर विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा,सीनियर टीम के साथ एक ही कैंपस में होने से हमें बहुत मदद मिलती है। यहां तक कि व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए भी, सीनियर टीम के साथ खेलने से मुझे जो अनुभव मिला है, उससे जूनियर टीम में नए खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने में मदद मिली है। मैंने हरमनप्रीत सिंह और मनप्रीत से बहुत कुछ सीखा है।

जब उनसे पूछा गया कि टीम अपने नए कोच श्रीजेश को क्या कहना पसंद करती है, क्या यह सर या भाई है, तो आमिर ने हंसते हुए कहा, हम सभी ने उनसे पूछा कि क्या हमें अब उन्हें सर कहना चाहिए क्योंकि वे हमारे कोच हैं। उन्होंने हमसे कहा कि हम जो भी चुनें, हम उसे चुनें और हमने श्री भाई चुनने का फैसला किया।

# शेयर बाजार पर भी चढ़ा दिवाली का रंग, 600 अंक उछला सेंसेक्स, सरकारी बैंकों के शेयरों में तेजी

**मुंबई। भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज 0.76 फीसदी या 602 अंक की तेजी के साथ 80,005 पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान पर और 5 शेयर लाल निशान पर थे।**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी आज 0.65 फीसदी या 158 अंक की बढ़त के साथ 24,339 पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय निफ्टी के 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान पर और 14 शेयर लाल निशान पर थे।

### इन शेयरों में आई तेजी

निफ्टी पैक के शेयरों में आज सबसे अधिक तेजी श्रीराम फाइनेंस में 5.43 फीसदी, अडानी एंटरप्राइजेज में 3.96 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक में 3.08 फीसदी, विप्रो में 2.83 फीसदी और आयशर मोटर्स में 2.67 फीसदी दर्ज हुई। वहीं, सबसे अधिक गिरावट कोल इंडिया में 4.08 फीसदी, बजाज ऑटो में 2.07 फीसदी, एक्सिस बैंक में 1.35 फीसदी, हीरो मोटोकॉर्प में 1.11 फीसदी और बीईएल में 0.95 फीसदी दर्ज हुई।

### सभी सेक्टोरल सूचकांक हरे निशान पर

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सभी सेक्टोरल सूचकांक हरे निशान पर बंद हुए हैं। सबसे अधिक तेजी निफ्टी पीएसयू बैंक में 3.98 फीसदी, निफ्टी फार्मा में 1.38 फीसदी, निफ्टी मेटल में 2.40 फीसदी, निफ्टी मीडिया में 1.92 फीसदी दर्ज हुई। इसके अलावा निफ्टी बैंक में 1.09 फीसदी, निफ्टी ऑटो में 0.70 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.68 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी में 0.61 फीसदी, निफ्टी आईटी में 0.48 फीसदी, निफ्टी प्राइवेट बैंक में 0.43 फीसदी, निफ्टी रियल्टी में 1.25 फीसदी, निफ्टी हेल्थकेयर में 1.48 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.30 फीसदी, निफ्टी ऑयल एंड गैस में 0.26 फीसदी और निफ्टी मिडस्मॉल हेल्थकेयर में 1.80 फीसदी की तेजी दिखी।

# सुकमा में नक्सलवाद के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**एक-एक लाख के तीन इनामी समेत 19 नक्सली हुए गिरफ्तार**

सुकमा (दावा)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने नक्सलवाद के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें कुल 19 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी जगरगुंडा क्षेत्र में की गई, जो नक्सल गतिविधियों के लिए जाना जाता है। मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए 19 नक्सलियों में से 14 को जगरगुंडा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई नक्सलियों के खिलाफ चल रही सर्च ऑपरेशन का हिस्सा है, जिसमें पुलिस और सीआरपीएफ ने मिलकर नक्सलियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए।

### तीन नक्सलियों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित

इन गिरफ्तार नक्सलियों में से तीन पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह तीनों नक्सली विभिन्न वारदातों में शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ यह अभियान तब शुरू हुआ जब पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कई नक्सली गतिविधियां चल रही हैं। इसके बाद पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन शुरू किया और विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की।


गिरफ्तार किए गए नक्सलियों से पुलिस को कई अहम जानकारी मिलने की संभावना है। पुलिस का मानना है कि गिरफ्तार किए गए नक्सलियों से यह पता चल सकेगा कि वे किन अन्य गतिविधियों में शामिल थे और उनके संपर्क में कौन लोग थे।

### सर्चिंग में दो नक्सली गिरफतार, विस्फोटक सामग्री बरामद

बीते रविवार को सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली। मुखबीर से सूचना मिलने पर थाना केरलापाल से जिला बल, डीआरजी, और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम मौके पर रवाना हुई। घेराबंदी कर टीम ने दो संदिग्ध नक्सलियों को धर दबोचा। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान कवासी हिड़मा (मिलिशिया सदस्य और रेंज कमेटी अध्यक्ष, उम्र 21 वर्ष) और वंजाम देवा (मिलिशिया सदस्य और रेंज कमेटी उपाध्यक्ष, उम्र 30 वर्ष) के रूप में हुई। दोनों आरोपी ग्राम बगड़ेगुड़ा, थाना केरलापाल के निवासी हैं और नक्सल संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत थे।

तलाशी के दौरान इनके पास से एक टिफिन बम (वजन 3 किग्रा), तीन बैटरियां, दो डेटोनेटर, और बिजली के तार का एक बंडल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए मार्ग में विस्फोटक लगाने की योजना बना रहे थे।

# त्योहार के पहले बिजली कटौती से परेशान रहे लोग, अब परेशानी से मिलेगी राहत



## बिजली विभाग का विद्युत संबंधी सुधार व मेंटनेंस कार्य खत्म

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर में 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक शहर के चिह्नित क्षेत्रों सहित गांव देहात क्षेत्रों के विभिन्न उपकेंद्रों में विद्युत उपकरणों में सुधार व मेंटनेंस का कार्य चालू रहा। उक्त कार्य सुबह 9 बजे से लेकर तकरीबन तय समय 3 बजे तक चलते रहता था। कभी-कभी तो यह तय समय 3 बजे को पार कर पांच साढ़े पांच व छह बजे तक लांघ गया था, जिससे लोगों को काफी परेशानियां हुई। विद्युत मेंटनेंस के शुरुआती दिन 15 अक्टूबर को 11केव्ही उपकेंद्र की मरम्मत की गई। इसके लिए सुबह 9 बजे से बंद बिजली शाम को ही आ पाई इससे ग्रीन सिटी व आसपास के लोग खासे परेशान रहे। इसी तरह इसके अगले दिनों में डोंगरगांव क्षेत्र में सुबह से लेकर शाम छह बजे तक विद्युत अवरोध बना रहा। हालांकि विद्युत कंपनी द्वारा शहरी क्षेत्र में विद्युत मेंटनेंस के कार्य में लगने वाली अवधि को घटाने-बढ़ाने जाने की बात कही गई थी। लेकिन गांव देहात क्षेत्रों में उक्त के संबंध में लोगों को जानकारी नहीं होने से हाय तौबा मची रही।

बता दें कि विद्युत वितरण कंपनी का दिपावली पूर्व पखवाड़े भर का मेगा विद्युत मेंटनेंस कार्य लोगों के लिए परेशानी का सबब बना रहा। लोगों को शिकायत रही कि कंपनी के कर्मी मेंटनेंस के नाम पर विद्युत पोल और तार से टकराने वाले पेड़-पौधे व डालियों की काट-छांट कर रहे हैं। जबकि खराब उपकरणों के बदलाव खपत के मुताबिक ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने में बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। काट-छांट कर डालियां भी वही छोड़ दें रहे थे। इससे लोगों को परेशानी हो रही थी।

इधर रोजाना शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के किसी न किसी फीडर में मरम्मत कार्य जारी रहने से सुबह 10 बजे से 4-5 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद कर दी जा रही थी। इससे त्योहारी सीजन के कई तरह के कार्य प्रभावित हो रहे थे।

दीपावली त्यौहार नजदीक आने पर लोग अपने घर -दुकान, मकान -कार्यालय आदि की साफ-सफाई , रंगाई-पुताई का कार्य करते हैं। लेकिन विद्युत अवरोध के चलते वह कार्य नहीं हो पा रहा था। इससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई थी और विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ नाराजगी बढ़ते ही जा रही थी।

कहीं-कहीं तो विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ लोगों में गुस्सा फूटने लगा था। शहर में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने तो बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन ही छेड़ दिया था। अब पखवाड़े भर की मशक्कत के बाद विद्युत विभाग वालों को उक्त मेंटनेंस कार्य से राहत मिली है। अब उनका यह कार्य तय दिनांक 28 अक्टूबर को समाप्त हो गया है। इसके साथ ही अब लोगों को आए दिन की बिजली कटौती से राहत मिलेगी। आज सोमवार का दिन मेंटनेंस कार्य का आखरी दिन रहा। अब दिपावली पर्व पर लोगों को बिजली संबंधी शिकायत नहीं रहेगी।

> दीपावली पर्व के दौरान लोगों को किसी तरह बिजली आपूर्ति में समस्या न हो इसके लिए विद्युत मेंटनेंस का कार्य किया जा रहा था। मेंटनेंस की सूचना उपभोक्ताओं को दे दी गई थी। त्योहार के पहले विद्युत संधारण का कार्य जरूरी भी था। आज यह कार्य समाप्त हो गया है।
>
> **आर के गोस्वामी ई,ई,**
> **राजनांदगांव डिवीजन**

## घुमका में फिर से खुलेंगी शराब दुकान



राजनांदगांव (दावा)। जिले के घुमका क्षेत्र के ग्रामवासियों द्वारा घुमका में पुनः शराब दुकान खोलने की मांग की गई है। इसे देखते हुए आबकारी विभाग द्वारा घुमका में शराब दुकान खोलने हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव पास करके लाने के लिए कहा गया है ताकि शासन को प्रस्ताव भेजा जाकर उक्त क्षेत्र में शराब दुकान खोले जा सके। बता दें कि घुमका में पूर्व में शराब दुकान संचालित थी। जिसकी सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त होने पर ग्रामवासियो द्वारा पुनः शराब दुकान खोले जाने की मांग की जाने लगी है। इस पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी द्वारा तत्संबंधित पत्र फुलफिल करने के लिए ग्राम पंचायत घुमका के सरपंच को प्रेषित किया गया है।

# केसीजी में एससी/एसटी संयुक्त संघर्ष मोर्चा का हुआ गठन

### संतराम छेदैया बने अध्यक्ष

खैरागढ़ (दावा)। एससी/एसटी समाज के बीच जागरूकता, भाई चारा, अपने अधिकार के सुरक्षा के लिए 26 अक्टूबर को खैरागढ़ अंबेडकर चौक में स्थित युवा मितान भवन में एससी/एसटी समाज का संयुक्त बैठक आयोजित किया गया था।

जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। बैठक में सामिल एससी/एसटी समाज के लोगो ने सर्व सम्मति से संतराम छेदैया को एससी/एसटी संघर्ष मोर्चा (गैर राजनैतिक संगठन) का अध्यक्ष बनाया गया। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष उमेश कोठले को बनाया गया। संघ के संरक्षक के रूप में संतोष मारिया, शिमकर सर, उत्तम बागड़े, रामजी कवर, पल्टू राम बघेल, जगन टंडन, महेश बंजारे को सर्व सम्मति से संरक्षक बनाया गया। साथी ही उपाध्यक्ष कोसन दास कोसरे, महासचिव केदार मेश्राम, कोषाध्यक्ष जगदीश कोसरे, सह सचिव सुमित टांडिया, संयोजक सतिश टण्डेकर, सह संयोजक राधे लाल उके, मीडिया प्रभारी प्रशांत सहारे, आनंद घृतलहरे, कार्यकारणी सदस्य राम अवतार नेताम, जयपाल सोरी, अशोक मांडवी को बनाया गया।

## आपदा प्रभावित को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों के लिए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत डोंगरगांव तहसील अंतर्गत नाला के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

# बलरामपुर मामले में कानून व्यवस्था और राज्य की व्यवस्था सुधार नहीं पाने के कारण मुख्यमंत्री व गृहमंत्री इस्तीफा दें: कुलबीर

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनायें रोकने में भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। प्रदेश में भय, आतंक का माहौल बना हुआ है, लूट, डकैती, हत्या जैसी वारदातें लगातार बढ़ रही है जिससे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदहाल हो चुकी है। अभी वर्तमान में बलरामपुर जिला में पुलिस अभिरक्षा एवं पुलिस प्रताड़ना में हुई मौत को लेकर शहर जिला कांग्रेस व जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेसवार्ता लेकर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेसवार्ता में बताया कि बलरामपुर जिले में मृतक गुरुचरण मंडल की पत्नी विगत 29 सितंबर से लापता हो गई। जिसकी पूछताछ को लेकर मृतक युवक व उनके पिता को पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए पुलिस ने 4 दिनों तक हिरासत में रखा गया। जबकि किसी भी व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में नहीं रख सकती। गुरुचरण मंडल, उनके पिता तथा एक अन्य को चार दिनों तक थाने में हिरासत में क्यों रखा गया? 24 घंटे के भीतर कोर्ट में क्यों प्रस्तुत नहीं किया गया? मृतक के पास टॉवेल (तौलिया) कहां से आया जबकि उसके पिता का कहना है उसके पास कोई टॉवेल नहीं थी। पुलिस का कहना है कि मृतक गुरुचरण की मौत बाथरूम में फांसी लगाने से हुई है तो मृतक के शरीर का पंचनामा परिजनों व परिचितों के सामने क्यों नहीं किया गया? मृतक के शव को थाने से अस्पताल ले जाते उसके पिता ने देखा लेकिन उसके मौत की जानकारी थाने में उनको क्यों नहीं दिया गया? मृतक के परिजन शव को दफनाने की मांग कर रहे थे, पुलिस जलाना क्यों चाहती थी, हालांकि बाद में दबाव के कारण दफनाया गया। इससे साफ है कि प्रदेश की भाजपा सरकार के दबाव में पुलिस प्रशासन काम करा रही है।

प्रदेश में रोजाना प्रतिदिन घट रही घटनायें यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनायें रोक पाना सरकार के बस की बात नहीं है। ऐसी नकारी और निक्कमी सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाना चाहिये।




शहर जिला कांग्रेस व जिला ग्रामीण कांग्रेस ने ली प्रेसवार्ता

जब जनता अपने जान-माल की सुरक्षा तथा अपराधियों और आपराधिक घटनाओं के विरोध में खुद सड़कों पर उतर जाये तथा राज्य के हालात अराजक हो जाये तब ऐसी सरकार को बर्खास्त कर दिया जाना चाहिये। बलरामपुर में महिलाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया। सरकार की अकर्मण्यता का नतीजा है जनता को अब पुलिस और सरकार पर भरोसा नहीं रह गया है। जनता सरकार की क्षमता और पुलिस की दुर्भावनापूर्वक कार्यवाहियों के खिलाफ विद्रोह पर उतर आई है। पुलिस की अक्षमता और सरकार के अनिर्णय के कारण बलौदाबाजार में एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया, सूरजपुर में अपराधी के घर पर हमला करने गयी भीड़ ने एसडीएम को पीटने के लिये दौड़ा दिया, उनको भागकर जान बचानी पड़ी। कवर्धा में पुलिस से न्याय की उम्मीद छोड़ चुकी जनता ने एक व्यक्ति को उसके घर में जिंदा जला दिया। सीतापुर में पुलिस की लापरवाही के खिलाफ अपराधी पर कार्यवाही की मांग को लेकर जनता ने 24 घंटे चक्काजाम कर दिया था तब जाकर पुलिस ने कार्यवाही किया। यह सारी घटनाएं बताती है कि भाजपा के राज में अराजकता फैली हुई है। सरकार चलाने वाले कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे है। सरकार की विफलता की जवाबदेही मुख्यमंत्री की है। मुख्यमंत्री का नियंत्रण सरकार पर नहीं है। सरकार बेपटरी हो चुकी है। एसपी और कलेक्टर, दर्जनों वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को हटाने के बाद भी सरकार कानून व्यवस्था नहीं संभाल पा रही तब मुख्यमंत्री, गृह मंत्री को हटाने में क्यों हिचकिचा रहे है? मुख्यमंत्री को ऐसा लगता है कि उनके गृहमंत्री की गलती नहीं है तो सरकार की नाकामी की जिम्मेदारी खुद लेकर तत्काल इस्तीफा दें। कांग्रेस संगठन लगातार भाजपा सरकार के नाकामी को उजागर कर कानून व्यवस्था की स्थिति को सुधार करने के लिए भाजपा सरकार के उपर आक्रमक रूप अख्तियार करके लगातार विरोध कर रही है।

### कांग्रेस संगठन की मांग

इस मामले की उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में जांच कराया जाये। इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी तथा टीआई की भूमिका संदिग्ध है, उन सबके खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाये। मृतक के शरीर का डॉक्टरों का दल बना कर फिर से पोस्टमार्टम कराया जाये।

मृतक के परिवार को 1 करोड़ मुआवजा दिया जाये। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था की नैतिक जिम्मेदारी लेकर मुख्यमंत्री इस्तीफा दे, गृहमंत्री को बर्खास्त किया जाये। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीकिशन खंडेलवाल, पंकज बांधव, पीसीसी मेहुल मारू, शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली मौजूद रहे।

## शिक्षक भर्ती हेतु आवेदकों की सूची जारी

राजनांदगांव (दावा)। पीएमश्री योजना अंतर्गत जिले में संचालित कुल 7 प्राथमिक शालाओं में अंशकालीन योग, खेल शिक्षक व प्रशिक्षक की भर्ती के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी उपरांत पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची जारी की गई है। प्रकाशित सूची के संबंध में दावा आपत्ति 6 नवम्बर 2024 प्रस्तुत की जा सकती है। पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन जिला परियोजना कार्यालय के कक्ष क्रमांक 112 के सूचना पटल पर किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

# पीएमश्री विद्यालयों के बच्चों को कराया गया मैत्रीबाग का भ्रमण





राजनांदगांव (दावा)। जिले के पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थियों को समर कैम्प अंतर्गत मैत्रीबाग भिलाई जिला दुर्ग का भ्रमण कराया गया। भ्रमण कार्यक्रम में 7 पीएमश्री विद्यालयों के लगभग 440 विद्यार्थी एवं शिक्षक व कर्मचारी शामिल थे।

चिड़ियाघर में शेर चीता, बंदर, हिरण, नीलगाय, अजगर सफेद शेर, लकड़बघ्घा, विभिन्न प्रकार के बंदर सहित विभिन्न प्रकार के जानवरों एवं पक्षियों को देखकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान की झलक दिखाई दी। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के आदेश एवं पालकों की सहमति से बच्चों को भिलाई स्थित मैत्रीबाग का भ्रमण कराया गया। सभी विद्यालयों के लिए अलग-अलग बस की व्यवस्था की गई थी।

इसमें छुरिया विकासखंड अंतर्गत पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला मोरकुटुंब, डोंगरगांव विकासखण्ड अंतर्गत पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बोधीटोला एवं पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह, डोंगरगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कंडरापारा एवं पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुंडेरा, राजनांदगांव विकासखण्ड अंतर्गत पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला हरदी एवं पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कोपेडीह के विद्यार्थी, जिला मिशन समन्वयक एवं पीएमश्री जिला नोडल अधिकारी सतीश ब्यौहरे, सहायक नोडल आदर्श वासनिक, एपीसी रफिक अंसारी, एपीसी के.पी. विश्वकर्मा, एडीपीओ पीआर झाड़े, मनोज मरकाम, मनोज यादव, दीपक तिवारी, विक्रम शर्मा, पीएमश्री शाला के शिक्षक जीवराखन उइके, भीखम साहू, नारायणी ठाकुर, बाया वर्मा, सरोज वर्मा, श्री सिंह, श्री कन्नौजे एवं शिक्षक शामिल थे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत महाविद्यालय स्तर के संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से 31 दिसम्बर 2024 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# संरक्षण एवं संस्कार भूमि है छात्रावास: चन्द्रेश ठाकुर



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पोष्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष एवं जनसंपर्क अधिकारी जिला बालोद चन्द्रेश ठाकुर ने कहा कि छात्रावास समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संरक्षण स्थलीय एवं संस्कार भूमि है। जहाँ पर जीवन की बुनियादी तहजीब सिखलाई जाती है। उन्होंने कहा कि छात्रावास में निवास करने वाले विद्यार्थी दुनिया के किसी भी स्थान पर सफलतापूर्वक अपना जीवन-यापन कर सकता है।

श्री ठाकुर रविवार 27 अक्टूबर को शासकीय पोष्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव आयोजित सत्र 2024-24 के नव प्रवेशित छात्रों के स्वागत समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्रावास के पूर्व विद्यार्थी एवं सहायक खाद्य अधिकारी धरमू किरंगे ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में छात्रावास के भूतपूर्व विद्यार्थी दिनेश रावटे, रायसिंह कोटपरिया, अविनाश तुलावी, नंदकिशोर धुर्वे, देवेन्द्र उइके, कमलेश मतलामे, भूतपूर्व अध्यक्ष रोहित घराना, बिट्टू कोमरे सहित छात्रावास के अध्यक्ष कैरल्स कोठारी, उपाध्यक्ष गोपाल धूर्वे, सचिव सुभाष सोरी, सहसचिव प्रफुल्ल मण्डावी, सलाहकार हर्षदीप, कोमल कोरेटी, अजय घावडे नितेश दुग्गा सहित बड़ी संख्या में वर्तमान एवं भूतपूर्व विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों एवं छात्रावासी विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चन्द्रेश ठाकुर ने कहा कि यदि छात्रावास की व्यवस्था नही होती तो हमारे जैसे अनेक विद्यार्थी शहरों में रहकर उच्च शिक्षा अर्जित करने से वंचित रह जाते। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थी जीवन को त्याग और तपस्या का समय बताते हुए विद्यार्थियों को त्याग, धैर्य एवं संयम के साथ कठिन परिश्रम करते हुए जीवन में ऊँचा लक्ष्य हासिल कर अपने माता-पिता, परिवार एवं संस्थान का नाम रोशन करने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री धरमू किरंगे ने विद्यार्थी जीवन को व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखण्ड बताते हुए विद्यार्थियों को इनका सदुपयोग करने को कहा। इस अवसर पर दिनेश रावटे, रायसिंह कोटपरिया एवं अन्य भूतपूर्व विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्रावास के गौरवशाली परंपरा को अक्क्षुण बनाए रखने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर अपने सपनों को साकार करने की समझाईश भी दी।

# स्पोर्ट्स अकादमी ऑफ मुसरा के कराते खिलाड़ियों का राजधानी में उत्कृष्ट प्रदर्शन

डोंगरगढ़(दावा)। दिनांक 27 अक्टूबर को रायपुर जिले के एमबी कराते एकादमी द्वारा आयोजित की गयी, कराते के बेल्ट परीक्षा मे स्पोर्ट्स अकादमी ऑफ मुसरा राजनांदगाव से तीन कराते खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमे वाइट बेल्ट से येलो बेल्ट के परीक्षा हेतु दिव्यानी यादव एवं सागर यादव तथा ऑरेंज बेल्ट से ग्रीन बेल्ट हेतु उर्वशी वर्मा ने भाग लिया।



इस एक दिवसीय बेल्ट परीक्षा का आयोजन वरुण भवन टिकरापारा में आयोजित हुई। इस दौरान फीनिक्स शितोरियु कराते डू एसोसिएशन इंडिया के अंतर्गत लगभग 100 खिलाड़ियों ने कराते की बेल्ट परीक्षा मे सहभागिता प्रदान की।

मुख्य परीक्षक के रुप मे शिहान मनीष बाग ब्लैक बेल्ट 5वॉ डान, सेंसाई संजय ठाकुर ब्लैक बेल्ट 4था डान नेशनल रेफेरी ग्रेड ए, तथा सेंसाई राजू धीवर ब्लैक बेल्ट 3रा डान ने सभी खिलाडियों की परीक्षा ली। इस एक दिवसीय कराते बेल्ट परीक्षा मे खिलाडियों के बेसिक, स्टैमिना, पंच, किक, ब्लॉक, इप्पोन, बुनकाई, काता, स्पीड एवं कुमिते तकनीक इत्यादि का बारिकी से टेस्ट लिया गया। इस परीक्षा मे वाइट, येलो, ऑरेंज, ग्रीन, ब्लू, ब्राउन बेल्ट के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने पुर जोर आजमाईश सफल होने के लिए लगाई। इस कार्यक्रम के अंत में खिलाड़ियों को परीक्षकों के द्वारा कडी मेहनत पर विशेष जोर देने को कहा जिससे सफलता के शिखर तक पंहुचा जा सकें।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा मिठाई दुकानों में निरीक्षण कर लिया गया सेम्पल



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार जिले के खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा अवमानक मिठाई व खाद्य पदार्थ बिकने की संभावना को देखते हुए खैरागढ़, छुईखदान, गंडई के विभिन्न मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया।

विभागीय अधिकारी अंगेश्वरी कचलाम ने बताया कि खैरागढ़ के बीकानेर, गणेश हॉटल, बजरंग हॉटल, गुजराती हॉटल, मानव मंदिर, छुईखदान और गंडई के बीकानेर मिष्ठान भंडार से विभिन्न निर्माण सामग्री जैसे काजू कतली, कलाकंद, गुलाब जामुन, देसी पेड़ा, बेसन लड्डू की जांच की गई। इस दौरान त्यौहारी सीजन को देखते हुए मिष्ठान दुकानों से बेसन, तेल, मैदा, घी, रसगुल्ला प्रिमिक्स का सैंपल संकलन कर जांच के लिए राज्य सरकार खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया।

इस दौरान मिठाई दुकान संचालकों को साफ-सफाई बनाएं रखने, हैण्ड ग्लब एवं कैप पहने, मिठाइयों के निर्माण एवं अवसान तिथि अंकित करने, त्यौहारी सीजन में शुद्ध मिठाई का ही विक्रय करने का निर्देश दिया गया।

# नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया

मानपुर (दावा)। जनपद पंचायत मानपुर में आज नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हितग्राही मूलक योजनाओं का निपटान शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत कोराचा के सुदूर वनाच्छादित पहाड़ों से घिरे ग्राम बुकमरका में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शासन की विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाएं जैसे पेंशन योजना जिसमें मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा, सुखद सहारा पेंशन, राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विकलांग पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन योजना से लाभांवित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय सामाजिक सहायता योजना, श्रद्धांजलि योजना, राशन कार्ड से लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा जॉब कार्ड और भुगतान सम्बन्धित निराकरण किया गया। आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड सहित विभागों द्वारा संचालित अन्य योजना के निराकरण हेतु शिविर का संचालन किया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा लोगों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपील किया गया। इसके साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024 के तहत 'जाबो' कार्यक्रम के तहत मतदाता शपथ किया गया।



इस अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि जिसमें धरमू भूआर्य मंडल अध्यक्ष भाजपा मानपुर, प्रकाश मिश्रा, समीम तिगाला, जनपद सदस्य श्रीमती छाया उईके, सरपंचगण जिसमे मुख्य रूप से श्रीमती प्रमिला तुलावी सरपंच कोराचा, श्रीमती पार्वती टेकाम सरपंच ग्राम पंचायत तेरेगांव, श्रीमती सनारो बाई सलामे सरपंच ग्राम पंचायत ढब्बा, ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर मोहम्मद हनीश, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गोविंद ध्रुवे सहित जनपद पंचायत के अधिकारी/कर्मचारी क्षेत्र के सचिव, रोजगार सहायक और इस शिविर का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने रन फॉर यूनिटी के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

## राष्ट्र की सुरक्षा, एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए सभी ने ली शपथ

राजनांदगांव (दावा)। भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं मुख्य अतिथि खूबचंद पारख ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ राजनांदगांव में रन फॉर यूनिटी के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्साह एवं उल्लास के साथ बच्चे, युवा, खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, नागरिकों ने दौड़ लगाई। सरदार वल्लभ भाई पटेल अमर रहे तथा राष्ट्रीय एकता दिवस अमर रहे के उद्घोष के साथ रन फॉर यूनिटी प्रारंभ की गई।

रन फॉर यूनिटी अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ से प्रारंभ होकर भदौरिया चौक से होते हुए दिग्विजय स्टेडियम होते हुए वापस अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ में समाप्त हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर एवं मुख्य अतिथि ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने देश के आजादी की लड़ाई में भाग लिया। उन्होंने देश के 565 रियासतों का विलीनीकरण किया तथा एकीकृत भारत के निर्माण में महती भूमिका निभाई, इसलिए उन्हें लौह पुरूष कहा जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने निःस्वार्थ भाव से राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के लिए तथा देश के विकास के लिए अपना योगदान दिया।





- 0 राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए करें कार्य - कलेक्टर
- 0 देश के एकीकरण, एकता एवं अखंडता तथा विकास के लिए उनके योगदान का किया गया स्मरण
- 0 उत्साह एवं उल्लास के साथ बच्चे, युवा, खिलाड़ियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों ने लगाई दौड़



आज का यह अवसर पर उन्हें स्मरण करने तथा उनके विचारों का अनुकरण करने का दिन है। उन्होंने सभी से आव्हान करते हुए कहा कि राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करें तथा देश के विकास के लिए अपना योगदान देने हेतु प्रयत्न करें। मुख्य अतिथि खूबचंद पारख ने कहा कि दीपावली के दृष्टिगत दो दिन पहले राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का आग्रह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल इरादे में दृढ़ थे, निर्णय लेने में संकोच नहीं था तथा बिगड़ते हुए काम को बना देते थे। देश के सभी रियासतों को एकीकृत कर भारत निर्माण का कार्य उन्होंने किया। हम सभी को देश को एक बनाकर रखना है तथा हमारे लिए देश प्रथम होना चाहिए। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी से सभी को अवगत होना चाहिए तथा उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति को जानना चाहिए।

उन्होंने सभी को राष्ट्र की सुरक्षा, एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने संकल्प दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, उपसंचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, ईडीएम सौरभ मिश्रा, सहायक संचालक खेल एक्का सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि, बच्चे, युवा, खिलाड़ियों, अधिकारियों, कर्मचारियों उपस्थित रहे।

# दो सगी बहन समेत तीन की मौत



धमतरी (दावा)। छत्तीसगढ़ के धमतरी में दो सगी बहन समेत तीन लड़कियों की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों लड़कियां कपड़े धोने के लिए तालाब गई हुई थी।

इसी दौरान तीनों गहरे पानी में डूबने लगे। घटना बेलरगांव तहसील की है। जानकारी के मुताबिक तहसील मुख्यालय में रहने वाली यामिनी यादव बहन काजल यादव अपनी सहेली सेविका कोर्राम के साथ गांव छिपली तालाब कपड़ा धोने के लिए गई थी। इसी दौरान एक का पैर फिसल गया और तालाब के गहरे पानी में डूबने लगी, जिसे देखकर बचाने के लिए दोनों

**तालाब में गये थे कपड़ा धोने, एक को बचाने के लिए तीनों डूबे**

लड़कियां भी तालाब में कूद गई।

इस दौरान तीनों लड़कियां गहरे पानी में डूब गई।

इस घटना में तीनों की डूबकर मौत हो गई। गांव के ग्रामीणों और परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो सभी दौड़े-दौड़े भागे तालाब पहुंचे। लोगों ने पानी में डूबी तीनों लड़कियों को बाहर निकाला। इस घटना के बाद एक ही परिवार में दो बहनों और गांव में तीन लड़कियों की मौत से मातम पसरा हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। साथ ही मामले की जांच कर रही है।

## ओसवाल लाईन में आज रंगोली प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। ओसवाल लाईन में आज दिनांक 30 अक्टूबर को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रंगोली प्रतियोगिता दीपावली के पावन पर्व पर ओसवाल लाईन में वक्रतुण्ड मित्र मंडल एवं दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समय शाम 7:00 बजे से है। शहरवासियों से अपील है, उक्त रंगोली प्रदर्शनी में सहभागी बने।

# अपर कलेक्टर खेमलाल वर्मा एसडीएम पद पर हुए पदोन्नत

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा सोमवार को प्रदेश भर के प्रशासनिक सेवा के 23 अधिकारियों को स्थानांतरित किया गया।

इस फेरबदल में राजनांदगांव नगर निगम के आयुक्त अभिषेक गुप्ता का स्थानांतरण अपर कलेक्टर के रूप में बलौदा बाजार किया गया। वहीं उसके स्थान पर राजनांदगांव के एसडीएम रहे अतुल विश्वकर्मा को लाया गया है। जिसके बाद उसका स्थान रिक्त होने पर राजनांदगांव के अपर कलेक्टर खेमलाल वर्मा को एसडीएम पद पर पदोन्नत किया गया है। मृदु व्यवहार के धनी श्री वर्मा के एसडीएम पद पर पदोन्नति होने से लोगो में खुशी की लहर देखी जा रही है।




























स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com